# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार, 27 सितंबर 2025












100% एक्सचेंज वैल्यू | प्रमाणित असली हीरे | बाइबैक सुविधा | जीवन भर मेन्टेनेंस | मुफ़्त बीमा

TRA'S BRAND TRUST REPORT 2025 Power of Trust | SGL Peace of mind, Assured. | Like & Follow us at | 185+ स्टोर्स | FRANCHISEE ENQUIRY: 9874453366 | Scan here to know your nearest Senco Store! | 7605023222 | 1800 103 0017 | sencogoldanddiamonds.com

RAIPUR & BILASPUR

Showroom 1: Raj Plaza, Malaviya Road, Swami Vivekanand Ward No. 57, PIN - 492001, Ph.: 7605042536/7605042537 | Showroom 2: 35/13459 Jeevan Bima Marg, Main Road Pandri, Chhattisgarh, Raipur - 492004, Ph.: 9147331020/21 | Bilaspur: Shrikant Verma Marg, Bilaspur, Chhattisgarh - 495001, Ph.: 9147768380/82/83



नवरात्रि के चौथे दिन जगदलपुर से दंतेवाड़ा जाने वाले मार्ग में भक्तों का अलग अलग रूप देखने मिल रहा है। भक्त अपनी आस्था को अनोखे तरीके से प्रकट कर रहे हैं, कोई मीलों दूर से पैदल चलकर मंदिर पहुंच रहा है तो कोई घुटनों के बल या लेटकर माता के दरबार तक पहुंच रहा है। नवरात्रि पर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दरबार में नवरात्रि का विशेष महत्व है, नवरात्रि के चतुर्थी पर शुक्रवार को मां कुष्मांडा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के कपाट खुलते ही दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं लंबी कतारें मंदिर परिसर में नजर आईं। हर कोई मां की एक झलक पाने के लिए आतुर था भक्तों ने माता के दर्शन कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

# दंतेश्वरी माई के दर्शन के लिए भक्त लेटकर व घुटनों के बल पहुंच रहे शक्तिपीठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रतिवर्ष माता के दर्शन के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं। यही वजह है कि नवरात्रि के अवसर पर मां दंतेश्वरी मंदिर का महत्व और बढ़ जाता है। यहां न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पड़ोसी राज्यों और विदेश से भी श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए पहुंचते हैं। वहीं देश व विदेश से श्रद्धालु मंदिर में आस्था के ज्योत प्रज्ज्वलित करते हैं। इस वर्ष भी मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिए भक्त अपनी आस्था को अनोखे तरीके से प्रकट करते हैं। भक्त मीलों दूर से पैदल चलकर मंदिर पहुंच रहे है, तो कोई घुटनों के बल या लेटकर माता के दरबार तक आ रहे है।

## भक्तों के लिए सुविधाएं व सुरक्षा

शक्तिपीठ में भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर कमेटी और जिला प्रशासन ने सुविधाएं व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। दंतेवाड़ा से जगदलपुर तक पंडाल लगाए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को धूप और बारिश से राहत मिले। वहीं भोजन के लिए भंडारे और 24 घंटे सेवा व्यवस्था की गई है दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेडिकल कैंप भी लगाए गए हैं। यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस बल, महिला फाइटर जवान और एनसीसी कैडेट्स को तैनात किया गया है। इसके अलावा शंखनी-डंकनी नदी तट पर गोताखोरों की टीम मौजूद है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। मंदिर के पुजारी विजेंद्र नाथ जिया ने भक्तों से अपील की है कि वे कतारबद्ध होकर दर्शन करें और प्रशासन का सहयोग करें।

## दर्शन के लिए भक्तों की उमड़ रही भीड़







## मां के स्वस्थ होने, नौकरी व अन्य मन्नत लेकर पहुंच रहे श्रद्धालु

लेटकर, घुटनों के बल तथा पैदल पहुंच रहे श्रद्धालुओं ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से माता के दर्शन व मनोकामना पूर्ति के लिए आते हैं। जगदलपुर से दंतेवाड़ा जा रहे श्रद्धालु हरजीत ने बताया कि वे पिछले आठ वर्षों से करीब 80 लोगों का जत्था लेकर हर साल नवरात्रि में माता के दर्शन के लिए आते हैं, उनका विश्वास है कि मां दंतेश्वरी से जो भी भक्त सच्चे मन से मनोकामना करता है वो पूरी होती है। इसी तरह गीदम के सतीश कुमार ने बताया कि उन्होंने माता से नौकरी और अपनी मां के स्वस्थ्य होने की मनोकामना मांगी थी। जब इच्छा पूरी हुई तो व्रत लिया कि लेटते हुए माता के दरबार पहुंचेंगे। इस वर्ष उसी व्रत को पूरा करने दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे। वहीं कुछ श्रद्धालुओं ने बताया कि बीमारी, कठिनाई या परिवार की समस्याओं से मुक्ति मिलने के बाद वे घुटनों के बल चलकर माता का आशीर्वाद लेने आते हैं।

### तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती

# इस्पात कारखाने में आधा दर्जन मजदूरों की मौत, कई घायल को दीवार तोड़ निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलतरा स्थित एक कारखाने में शुक्रवार को हुए दर्दनाक हादसा में आधा दर्जन मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना टेंपरेचर कंट्रोल मशीन के चालू नहीं होने पर मुआयना करने के दौरान हुई है। मजदूर मशीन का मुआयना करने पहुंचे थे। इसी दौरान लोहे का एक बड़ा शेड नीचे गिर गया। शेड गिरने से कंट्रोल मशीन के पास जितने मजदूर खड़े थे वे सभी लोहे की शेड की चपेट में आए गए। कई मजदूरों के शेड के नीचे दबे होने की बात सामने आ रही है। फैक्ट्री के बाहर स्थिति काफी ज्यादा तनावपूर्ण है।

घटना शाम तीन से चार बजे के बीच होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है, टेंपरेचर कंट्रोल मशीन के मेंटनेंस होने के बाद चालू नहीं होने पर मजदूर कंट्रोल मशीन क्यों नहीं चालू हो रहा है, इसे देखने के लिए गए थे। इस दौरान हादसा हो गया। हादसा होने के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई।

खास खबर

घटना स्थल के पास अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर उपस्थित मजदूरों ने शेड के नीचे फंसे अपने साथियों को बाहर निकालने अपने स्तर पर प्रयास किया। हादसे में फैक्ट्री के अधिकारी वर्ग के लोगों की शेड के नीचे दबने की बात सामने आई है।

## मेन गेट में भीड़, पीछे के रास्ते से निकाला

फैक्ट्री के अंदर फंसे दो दर्जन से ज्यादा मजदूरों को पीछे की दीवाल तोड़कर बाहर निकाला गया। मजदूरों को पीछे के रास्ते से बाहर निकालने का कारण मेन गेट में लोगों की भीड़ होना है। इसके साथ ही जिस स्थान पर घटना घटित हुई। उस रास्ते से मेन गेट का दरवाजा खुलना बताया जा रहा है। हादसे में घायल कई मजदूरों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।



**ज्यादतर की झुलसने से मौत :** मजदूरों के ऊपर जो शेड गिरने की बात सामने आई है, वह शेड काफी गर्म था। शेड की चपेट में आने से जिन मजदूरों की मौत हुई है वे बुरी तरह से झुलस गए थे। घटना की जानकारी लेने मौके पर जिला तथा पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।



## ऐसे हुआ हादसा

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक टेंपरेचर कंट्रोल मशीन में एक शटर रहता है। कंट्रोल मशीन का शटर ऊपर से कंट्रोल होता है। शटर बंद नहीं होने की वजह से टेंपरेचर कंट्रोल मशीन में तकनीकी खामी आ गई। इस तकनीकी खामी को देखने के लिए मजदूरों के साथ तकनीकी जानकार तथा अधिकारी वर्ग के लोग मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान हादसा हो गया।

## फैक्ट्री हादसे में मृतक घायलों के नाम

कारखाना में हुए हादसा में जिन मजदूरों की मौत हुई है, उनके नाम इस प्रकार से है..मलिक निर्मलकर, नारायण, घनश्याम मनोहर घोरमारे, तुलसी राम धुत, कलिगोटला प्रसन्ना कुमार, जीएल प्रसन्ना कुमार।
घायलों के नाम इस प्रकार है मौतू यादव, दिपतेंद्र, जयप्रकाश वर्मा, पवन कुमार, चंद्र प्रकाश तथा चक्रधर राव के नाम शामिल है।

# वंदेभारत की बढ़ी मांग, 8 कोच बढ़े, अब रोजाना 800 से ज्यादा यात्री कर रहे सफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिलासपुर से नागपुर के बीच चल रही वंदेभारत एक्सप्रेस अब यात्रियों की पहली पसंद बन चुकी है। यात्रियों की मांग के बाद रेलवे ने अब 8 कोच को बढ़ाकर फिर से 16 कोच कर दिया है, जिससे अब यात्रियों की वंदेभारत में समय की बचत के साथ आरामदायक सफर की सुविधा भी मिल रही है। बता दें कि 11 दिसंबर 2022 को जब नागपुर के लिए वंदेभारत का परिचालन शुरू हुआ, उस दौरान ट्रेन में 16 कोच थे। नई ट्रेन को जानने और देखने के उद्देश्य से ही बड़ी संख्या में यात्रियों ने बिलासपुर-नागपुर के बीच यात्रा की, लेकिन ट्रेन में महंगा टिकट के कारण कुछ समय बाद ही यात्रियों की संख्या कम होने लगी। इससे रेलवे इसे बंद करने की तैयारी में था, लेकिन रेलवे ने ट्रेन को बंद करने के बजाय अप्रैल 2023 में 16 कोच को घटाकर 8 कर दिया। अब फिर से 16 कोच हो गए हैं।

**वंदे भारत की खासियत :** इस ट्रेन में सिटिंग चेयर अरेंजमेंट से लेकर सीसीटीवी, फायर सेफ्टी डिवाइस, फर्स्ट-एड बॉक्स, स्मार्ट टॉयलेट, ग्लास विंडो, ऑटोमैटिक डोर, डिस्प्ले बोर्ड, एयर कंडीशनर, डीप फ्रीजर जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं यात्रियों के लिए उपलब्ध हैं।

## रायपुर और बिलासपुर से बढ़े मुसाफिर

वंदेभारत में रायपुर और बिलासपुर के लिए सर्वाधिक यात्री मिल रहे हैं। कई यात्री रायपुर से बिलासपुर कम समय में पहुंचने के लिए इसमें सफर करना पसंद कर रहे हैं। इसकी मुख्य वजह यह ट्रेन समय पर पहुंचती है। इसके अलावा नागपुर के लिए भी दोनों जगह से अब कोच के अनुसार प्रयाप्त यात्री मिलने लगे हैं। बाकी एक्सप्रेस की तुलना में यह ट्रेन रद्द नहीं होती। इस वजह से यह ट्रेन अब यात्रियों के पसंदीदा सूची में शामिल हो चुकी है।

## सीजन में पैक चल रही है ट्रेन

वर्तमान में वंदे भारत ट्रेन में यात्रियों की डिमांड बढ़ गई है। विशेष कर सीजन में ट्रेन पैक चल रही है। टिकटों की डिमांड बढ़ने पर सीटों की उपलब्धता कम हो गई है। ऐसे में रेलवे इसे फिर से 16 कोचों के साथ चलाने का फैसला लिया। अब ट्रेन में कुल सीटों की संख्या बढ़कर 1128 हो जाएगी। वर्तमान में केवल 50 सीटों के साथ कुल 564 यात्री ही वंदे भारत में यात्रा कर पा रहे हैं। कोच बढ़ने से सीटों की संख्या भी दोगुनी हो जाएगी, जो सुविधा सीधे यात्रियों को मिलेगी।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



आनंद का सच्चा भाव®

18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹81812/-

22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹99920/-

24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹109072/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

aNaND Jewels

Pandri, Raipur



haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025


# छत्तीसगढ़ से ओलंपिक में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मिलेंगे 21 लाख रुपए

## मुख्यमंत्री ने छग ओलंपिक एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा में की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में आयोजित की गई। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। बैठक में वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन, वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट प्रस्तुतिकरण व अनुमोदन और वर्ष 2025-26 में ऑडिटर की नियुक्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण एजेंडे पर मंथन किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बड़ी घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि अब छत्तीसगढ़ से ओलंपिक में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 21 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इन प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और निखारने के लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है। हमने पूर्व में बंद हुए खेल अलंकरण समारोह को पुनः प्रारंभ किया है और जल्द ही उत्कृष्ट खिलाड़ी सम्मान समारोह भी प्रारंभ किया जाएगा।

**स्वर्ण पदक विजेताओं को तीन करोड़ रुपयेः** मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेलो इंडिया के नए परिसरों की शुरुआत की गई है। कुछ महीने पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया का ▶▶| शेष पेज 6 पर




### यह रहे उपस्थित

कैबिनेट मंत्री एवं संघ के उपाध्यक्ष श्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर ओलंपिक जैसी खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई है, जिससे सुदूर वनांचल की खेल प्रतिभाओं को एक सुनहरा मंच मिला है। इस अवसर पर सचिवीय प्रतिवेदन का वाचन महासचिव विक्रम सिसोदिया ने किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डा. हिमांशु द्विवेदी, गजराज पगारिया एवं कोषाध्यक्ष संजय मिश्रा सहित खेल संघ से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट ने दी हरित पटाखे बनाने की अनुमति



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने प्रमाणित पटाखा विनिर्माताओं को इस शर्त पर हरित पटाखे बनाने की अनुमति दे दी कि उनकी बिक्री दिल्ली-एनसीआर में बिना मंजूरी के नहीं की जाएगी। इसके लिए विनिर्माताओं को यह शपथ पत्र देना होगा वे इस न्यायालय के अगले आदेश तक पटाखे नहीं बेचेंगे। पीठ में न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया भी शामिल थे। प्रधान न्यायाधीश बीआर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों के विनिर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध पर नये सिरे से विचार करने को भी कहा।

### लालू के लाल तेज ने बनाया जनशक्ति जनता दल

**पटना।** राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बड़े पुत्र और पार्टी से निष्कासित तेज प्रताप यादव ने बिहार में लंबी सियासी लड़ाई के लिए नई पार्टी 'जन शक्ति जनता दल' बनाने का ऐलान किया। बिहार के पूर्व मंत्री तेजप्रताप ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'जन शक्ति जनता दल' का पोस्टर साझा किया, जिसमें उन्होंने खुद को 'राष्ट्रीय अध्यक्ष' के रूप में दिखाया है तथा चुनाव चिह्न के रूप में 'ब्लैकबोर्ड' को दर्शाया है।

### भारत पहली बार मिला सुनहरे बालों वाला चमगादड़

**शिलांग।** भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के वैज्ञानिकों ने मिजोरम में सुनहरे बालों वाले चमगादड़ की खोज की है जिसकी नाक घूमे हुए ट्यूब जैसी है।



चमगादड़ की यह दुर्लभ प्रजाति पहली बार देश में पाई गई है। जेडएसआई ने एक बयान में कहा कि चमगादड़ों के शोधकर्ता डॉक्टर उत्तम सैकिया को यह चमगादड़ शोध के दौरान मिली। जीवों पर व्यवस्थित सर्वेक्षण करने के दौरान यह प्रजाति मिली। सैकिया ने कहा इस खोज के साथ, भारत में चमगादड़ की 136 प्रजातियों की पुष्टि की जा चुकी है। सुनहरे बालों तथा ट्यूब की तरह नाक वाले चमगादड़ को पहली बार 2006 में ताइवान में खोजा गया था।

### सामूहिक दुष्कर्म के दोषियों को 25-25 वर्ष का कारावास

**बलिया।** बलिया जिले की एक विशेष अदालत ने 13 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के दो वर्ष पुराने मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए दो को 25-25 वर्ष और एक को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी सोनू ठाकुर और इरशाद अंसारी को 25-25 वर्ष कारावास व 52,000 रुपये के जुर्माना तथा ध्रुव नारायण सिंह को पांच वर्ष कारावास व 22,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, मनियर क्षेत्र के एक गांव की 13 वर्षीय किशोरी के साथ तीन दिसंबर 2023 की शाम निपनिया गांव निवासी इन युवकों ने सामूहिक रूप से दुष्कर्म किया था।

## किचन कैबिनेट पर 50 और ट्रकों पर 30 फीसदी शुल्क

# ट्रंप का एक और झटका, दवाओं पर अब 100 फीसदी टैरिफ, भारतीय कंपनियों के शेयर धड़ाम

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत सारी दुनिया को एक और नया झटका दे दिया। ट्रंप ने गुरुवार को कई चीजों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वह 1 अक्टूबर से ब्रांडेड और फार्मास्यूटिकल दवाओं पर 100%, रसोई कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी पर 50%, असबाबवाला फर्नीचर पर 30% और भारी ट्रकों पर 25% आयात कर लगाएंगे। ट्रंप ने इसकी जानकारी ट्रुथ सोशल पर दी। ट्रंप के इस टैरिफ से कुछ दवाओं की कीमतें दोगुनी होने की संभावना है। ट्रंप के इस नए टैरिफ बम से न केवल पूरी दुनिया बल्कि भारत को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।*

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बताया कि टैरिफ तब तक रहेगा, जब तक कोई कंपनी अमेरिका में अपना निर्माण नहीं शुरू करती और अगर कंपनियां निर्माण शुरू कर देंगी तो टैरिफ नहीं लगेगा। इसका भारत पर असर पड़ना तय है। इसके अलावा फर्नीचर, बाथरूम-रसोईघर फिटिंग से जुड़े सामानों पर भी बढ़ा टैरिफ लागू होगा।

बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप लगातार दावा कर रहे हैं कि मुद्रास्फीति अब अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए कोई चुनौती नहीं है, जबकि इसके विपरीत सबूत मौजूद हैं। पिछले 12 महीनों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 2.9% की वृद्धि हुई है, जबकि अप्रैल में यह दर 2.3% थी, जब ट्रंप ने पहली बार आयात करों की एक व्यापक श्रृंखला लागू की थी।

### ट्रंप ने किया ऐलान, 1 अक्टूबर से लागू हो जाएंगे सभी टैरिफ

#### भारत पर पड़ेगा यह असर

ट्रंप की घोषणा से भारत के फार्मा उद्योग पर असर पड़ना तय है। फार्मास्यूटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में भारत के 2.41 लाख करोड़ रुपये के दवा निर्यात में 31 प्रतिशत अमेरिका को किया गया था। भारत अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली 45 प्रतिशत जेनेरिक और 15 प्रतिशत बायोसिमिलर दवाओं की आपूर्ति करता है।



#### भारत से खरीदता है 45 प्रतिशत जेनेरिक दवाएं

अमेरिका ने 2023 में कुल 7.5 लाख करोड़ रुपये की दवाओं का आयात किया था। इसमें से सबसे ज्यादा 3.1 लाख करोड़ रुपये का आयात आयरलैंड से किया था। इसके बाद जर्मनी से 1.65 लाख करोड़, स्विट्जरलैंड से 1.30 लाख करोड़, भारत से 94,000 करोड़ और चीन से 89,000 करोड़ रुपये की दवाएं आयात की थीं। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक, अमेरिका में इस्तेमाल होने वाले जेनेरिक दवाओं का 45 प्रतिशत भारत से आयात किया जाता है।

#### अमेरिकी में मुद्रास्फीति बनेगी चुनौती

राष्ट्रपति ट्रंप लगातार दावा कर रहे हैं कि मुद्रास्फीति अब अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए कोई चुनौती नहीं है, जबकि इसके विपरीत सबूत मौजूद हैं। पिछले 12 महीनों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 2.9% की वृद्धि हुई है, जबकि अप्रैल में यह दर 2.3% थी, जब ट्रंप ने पहली बार आयात करों की एक व्यापक श्रृंखला लागू की थी।

#### ट्रंप के टैरिफ से फार्मा स्टॉक्स में भारी गिरावट

ट्रंप के 'ब्रांडेड और पेटेंट' दवाओं पर 100% शुल्क लगाने के फैसले के बाद भारतीय फार्मा कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई। इस सेक्टर के 20 शेयरों में से 17 में गिरावट आई। केवल तीन शेयर ही हरे निशान में रहे। लॉरस लैब्स, बायोकोन, जायडस लाइफसाइंसेस और नैटको फार्मा जैसे बड़े शेयरों में 7% तक की गिरावट आई। निफ्टी फार्मा सेक्टर 590 अंक या 2.7% गिरकर 21,390.25 के दिन के सबसे निचले स्तर पर आ गया।

#### मेडिकेयर की बढ़ेगी लागत

जनगणना ब्यूरो के अनुसार, 2024 में अमेरिका ने लगभग 233 अरब डॉलर की दवाइयों और औषधीय उत्पादों का आयात किया। कुछ दवाओं की कीमतें दोगुनी होने की संभावना अमेरिकी लोगों को चौंका सकती है क्योंकि स्वास्थ्य देखभाल के खर्च के साथ-साथ मेडिकेयर और मेडिकेड की लागत भी संभावित रूप से बढ़ सकती है।

## विकासशील की ज्वाइनिंग के बाद बदलेगी वरिष्ठ आईएएस की पोस्टिंग

# नए सीएस के आने के बाद दो सीनियर आईएएस ऋचा और पिंगुआ जाएंगे दिल्ली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नए मुख्य सचिव के रूप में विकासशील की नियुक्ति का आदेश जारी होने के बाद अब राज्य की नौकरशाही में इस बात की चर्चाएं तेज हो गई हैं कि कुछ वरिष्ठ आईएएस मंत्रालय या छत्तीसगढ़ से बाहर हो जाएंगे। इन अटकलों की मानें, तो सीनियर आईएएस ऋचा शर्मा और मनोज कुमार पिंगुआ मंत्रालय से नहीं, राज्य से बाहर जाने वाले हैं। कहा जा रहा है कि ये दोनों अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जा ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### सुब्रत रहेंगे छग में

*यह जानकारी भी मिली है कि मुख्य सचिव पद के दावेदार रहे अधिकारियों में से एक एसीएस सुब्रत साहू फिलहाल छत्तीसगढ़ में ही रहेंगे। हालांकि राज्य की नौकरशाही में वरिष्ठता क्रम में दूसरे नंबर पर हैं। उनसे पहले क्रम में एक और वरिष्ठ आईएएस रेणु गोनेला पिल्ले का नाम है। अमिताभ जैन के बाद वे वरिष्ठता* ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### मंत्रालय से बाहर भेजने का स्थान भी तय है

राज्य की नौकरशाही में देखा गया है कि नए सीएस की नियुक्ति के बाद उनके समकक्ष स्तर या वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों की मंत्रालय से बाहर पोस्टिंग की जाती है। इस तरह की पोस्टिंग के लिए राज्य में कुछ पद निर्मित हैं। इन पदों में राजस्व मंडल अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मंडल, प्रशासन अकादमी जैसी जगह हैं। ▶▶| शेष पेज 6 पर

# कस्टम, शराब और महादेव सट्टा केस में ईडी ने मारे रायपुर-बिलासपुर में छापे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बिलासपुर

कस्टम मिलिंग, शराब कोल घोटाला तथा महादेव सट्टा एप को लेकर ईडी की 25 सदस्यीय टीम ने रायपुर, बिलासपुर के चार अलग-अलग कारोबारी समूह के चार ठिकानों पर शुक्रवार को छापे मारे। ईडी ने पूर्व में छापे की कार्रवाई के दौरान मिले इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई की है। खबर के मुताबिक शुक्रवार को रायपुर में कई जगह तथा बिलासपुर में क्रांति नगर स्थित मीनाक्षी सेल्स, मंगला चौक तथा महावीर नगर स्थित सुल्तानिया ग्रुप के संचालक के निवास पर पड़ताल की। छापे की कार्रवाई में कारोबारी ग्रुप के यहां लेनदेन, निवेश, प्रापर्टी, कमर्शियल काम्पलेक्स फ्लैट की खरीदी-बिक्री को जांच के दायरे में ईडी ने लिया है। कार्रवाई की जद में आने वाले बिल्डरों और ट्रेडिंग फर्म के संचालकों का पूर्व में शराब, कोल, कस्टम मिलिंग तथा महादेव सट्टा एप से जुड़े आरोपियों के साथ करीबी संबंध होने की ईडी को जानकारी मिली है। इसी जानकारी के आधार पर ईडी की टीम कारोबारी समूह के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची। तलाशी के दौरान मिले दस्तावेजों, लैपटाप, कम्प्यूटर का बैकअप और इलेक्ट्रानिक डिवाइस को ईडी की टीम ने जब्त किया है। साथ ही बैंक स्टेटमेंट और वित्तीय रिकॉर्ड को जांच के दायरे में लिया है।

**पांच साल में कारोबार मे बेतहाशा वृद्धि**

जिन कारोबारी समूह के ठिकानों पर ईडी ने जांच की, उन कारोबारी समूह के पांच साल के कारोबार की ईडी ने पहले जानकारी हासिल की। एक बिल्डर द्वारा पिछले पांच वर्षों में राज्य के कई ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### घोटाले की रकम निवेश करने का शक

*जिन लोगों के ठिकानों पर ईडी ने छापे की कार्रवाई की है, उन कारोबारी समूह के माध्यम से शराब, कोल, कस्टम मिलिंग तथा महादेव सट्टा एप की अवैध कमाई निवेश करने की आशंका पर ईडी ने छापे की कार्रवाई की है। घोटालों से अर्जित आय प्रदेश के कई कारोबारी सेक्टर में निवेश की गई है। इनमें हास्पिटल सेक्टर के साथ अब बिल्डर डेवलपर भी शामिल है। आशंका जताई जा रही है कि घोटाले से जुड़े वित्तीय लेन-देन और मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए निवेश किया गया है।*

# मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसर भर्ती वाला राज्य का नोटिफिकेशन रद्द, प्रमोशन से ही भरे जाएंगे पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसर भर्ती से जुड़ा बड़ा आदेश सुनाया है। कोर्ट ने साफ कर दिया कि प्रोफेसर के पद अब सिर्फ प्रमोशन से ही भरे जाएंगे।

दरअसल, राज्य सरकार ने दिसंबर 2021 में एक नोटिफिकेशन जारी किया था। इसमें नियमों को दरकिनार कर एक बार के लिए सीधी भर्ती से प्रोफेसर बनाने की छूट दी गई थी। इसी आदेश को एसोसिएट प्रोफेसरों ने चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि छत्तीसगढ़ मेडिकल एजुकेशन (राजपत्रित) सर्विस रिक्रूटमेंट रूल्स 2013 के अनुसार प्रोफेसर का पद 100% प्रमोशन से ही भरा जा सकता है। बिना नियम बदले सीधी भर्ती का रास्ता खोलना न सिर्फ गलत है बल्कि उनके प्रमोशन के अधिकार का हनन है। वहीं सरकार की ओर से कहा गया कि नए मेडिकल कॉलेज खुलने से प्रोफेसरों की भारी कमी है। सीधी भर्ती इसलिए जरूरी थी ताकि पढ़ाई और मेडिकल काउंसिल की मान्यता प्रभावित न हो। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सरकार का नोटिफिकेशन रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा – नियम 2013 की जगह किसी भी तरह की एकमुश्त छूट या नोटिफिकेशन लागू नहीं की जा सकती। इस फैसले के बाद अब राज्य में प्रोफेसर पद पर भर्ती सिर्फ एसोसिएट प्रोफेसरों के प्रमोशन से होगी।

#### एक बार के लिए सीधी भर्ती से प्रोफेसर बनाने की छूट दी गई थी



## अब एसएमएस ओटीपी, फिंगरप्रिंट और बायोमेट्रिक्स जैसे नए तरीकों से लेन-देन

# डिजिटल धोखाधड़ी रोकने 1 अप्रैल से लागू होंगे नियम

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ने डिजिटल पेमेंट्स के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। ये अगले साल 1 अप्रैल से लागू होंगे। अब एसएमएस ओटीपी के अलावा पासवर्ड फिंगरप्रिंट और बायोमेट्रिक्स जैसे कई नए तरीकों से लेन-देन की पहचान (टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन) हो सकेगी।

- इससे ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और भी सुरक्षित बनेंगे

इससे ऑनलाइन ट्रांजैक्शन और भी सुरक्षित और सुविधाजनक बनेंगे। इन नए नियमों का मकसद धोखाधड़ी कम करना और ग्राहकों को ज्यादा सुरक्षा देना है। आरबीआई ने ऐलान किया कि डिजिटल पेमेंट के नए नियम, अगले साल 1 अप्रैल से लागू होंगे। नए नियम एसएमएस आधारित वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) के अलावा टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2एफए) के और भी तरीकों को मंजूरी देते हैं। आरबीआई ने कहा कि यदि इन निर्देशों का पालन किए बिना किए गए लेनदेन से कोई नुकसान होता है, तो ग्राहक को हुए नुकसान की पूरी भरपाई करना होगा।




#### क्या हो सकते हैं तरीके?

आरबीआई ने बताया कि पहचान के तरीके 'कुछ ऐसा जो यूजर के पास है', 'कुछ ऐसा जो यूजर जानता है' या 'कुछ ऐसा जो यूजर है' में से हो सकते हैं। इनमें पासवर्ड, एसएमएस आधारित ओटीपी पासफ्रेज पिन, कार्ड हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर टोकन, फिंगरप्रिंट या बायोमेट्रिक्स का कोई भी दूसरा रूप (डिवाइस - नेटिव या आधार आधारित) शामिल हो सकते हैं। आरबीआई के निर्देश में यह साफ किया गया है कि 2एफए अनिवार्य रहेगा और एसएमएस ओटीपी का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।

#### 2एफए पर जोर

भारत दुनिया के उन बाजारों में से है जो 2एफए पर जोर देते हैं। फाइनैंशल सेक्टर के प्लेयर लेनदेन करने के लिए एसएमएस आधारित अलर्ट पर निर्भर करते रहे हैं। केंद्रीय बैंक ने पहली बार फरवरी 2024 में यह कदम उठाने का ऐलान किया था। मकसद ये था कि पेमेंट इकोसिस्टम वैकल्पिक ऑथेंटिकेशन मैकेनिज्म लागू करने के लिए तकनीकी तरक्की का फायदा उठा सके।

## कई दुकानदार और ऑनलाइन स्टोर्स अभी भी पुराने दाम वसूल रहे

# जीएसटी कटौती का नहीं मिल रहा फायदा, शिकायत करने टोल-फ्री और व्हाट्सएप नंबर जारी, पोर्टल भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देशभर में 22 सितंबर 2025 से लागू हुई नई जीएसटी दरों के बाद रोजमर्रा की लगभग 99% सामान सस्ती हो गई हैं लेकिन कई उपभोक्ताओं का कहना है कि दुकानदार और ऑनलाइन स्टोर्स अभी भी पुराने दाम वसूल रहे हैं। जीएसटी कटौती का लाभ मिलना हर ग्राहक का अधिकार है। अगर दुकानदार या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म इसे नहीं दे रहे हैं, तो तुरंत शिकायत दर्ज कराना जरूरी है। सरकार ने शिकायत करने के कई आसान और तेज रास्ते उपलब्ध कराए हैं। इसके लिए टोल फ्री नंबर, ▶▶| शेष पेज 6 पर



#### जीएससटी शिकायत कहां और कैसे दर्ज करें

जीएसटी कटौती का लाभ न मिलने पर उपभोक्ता तुरंत अपनी शिकायत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन का टोल-फ्री नंबर। आप 1915 या 1800-11-4000 पर कॉल कर अपनी शिकायत रजिस्टर कर सकते हैं। इसके अलावा अब वॉट्सऐप पर भी शिकायत भेजना संभव है।

#### शिकायत करते समय रखें इन बातों का ध्यान

***विवरणः*** *अपनी शिकायत में दुकानदार का नाम, दुकान का पता, खरीदी गई वस्तु का नाम, और बिल की तारीख और नंबर शामिल करें।*

***साक्ष्यः*** *यदि संभव हो तो बिल की कॉपी और अन्य संबंधित दस्तावेज संलग्न करें।*

***समयः*** *शिकायत करते समय यह सुनिश्चित करें कि आप समय पर कार्रवाई कर रहे हैं, ताकि समस्या का समाधान जल्दी हो सके।*

#### *17 भाषाओं में पोर्टल लांच, ई-मेल एड्रेस दिया*

*सरकार ने आईएनजीआरएएम पोर्टल भी लॉन्च किया है, जहां ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। खास बात यह है कि पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की सुविधा 17 भाषाओं में उपलब्ध है। शिकायत करने के बाद आपको एक यूनिक डॉकेट नंबर मिलेगा, जिससे आप अपनी शिकायत की स्थिति ट्रैक कर सकते हैं। आप* ***cbecmitra.helpdesk@icegate.gov.in*** *ईमेल पर अपनी समस्या भेज सकते हैं।*

## चिंतन

# टैरिफ के बादशाह के रूप में याद किए जाएंगे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल इतिहास में अलग तरह से याद किया जाएगा, जिसमें दुनिया की उथल-पुथल होगी ही साथ में अमेरिका के विश्व बिरादरी से संबंधों को भी अलग तरह से परिभाषित किया जाएगा। ट्रंप अमेरिका को फिर से महान बनाने के नाम पर जो विचित्र काम कर रहे हैं, उससे न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया हैरान है। वो कभी चीन, कभी भारत तो कभी यूरोप पर लाल-पीले हो रहे हैं। रूस, ईरान और फिलीस्तीन तो युद्ध के चलते लगातार निशाने पर हैं ही। ट्रंप कुछ दिनों पहले तक यूक्रेनी राष्ट्रपति पर लाल-पीले हो रहे थे और रूसी राष्ट्रपति पुतिन को मित्र बता रहे थे, लेकिन जब यूक्रेन से खनिज दोहन पर समझौता हो गया तो वे फिर से पुतिन को कोसने लगे। अब बात भारत को ही लें। 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद वे एक के बाद एक ऐसे काम कर रहे हैं, जो भारत के खिलाफ हैं। एक तरफ तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोस्त बताते हैं वहीं दूसरी तरफ भारत पर दबाव बनाने-बनाते ब्लैकमेलिंग पर उतर आए हैं। पाकिस्तानी जनरल सैयद आसिम मुनीर अहमद शाह को लंच करवाने के बाद अब एक बार फिर ट्रंप ने पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मुनीर के साथ बैठक की है। ट्रंप के साथ इस मुलाकात में विदेश मंत्री मार्को रुबियो मौजूद रहे। ओवल ऑफिस की यह मुलाकात बंद दरवाजों के भीतर हुई थी और इसमें प्रेस को जाने की मनाही थी। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाम 5 बजे से कुछ पहले व्हाइट हाउस में पहुंचे थे और पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल 6:18 बजे बाहर गया। यह बैठक अमेरिका और पाकिस्तान के बीच जुलाई में हुए व्यापार सौदे के बाद हुई है। हालांकि बैठक को लेकर दोनों ओर से कुछ भी नहीं कहा गया है, लेकिन इशारा साफ है कि ट्रंप भारत पर दबाव बनाने के लिए पाक को तवज्जो दे रहा है। दुनिया के टैरिफ तानाशाह बने ट्रंप ने भारतीय निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ का आर्थिक बम फोड़ा, दूसरी ओर लगातार वह झूठ बोलते रहे कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाया है। जबकि युद्ध विराम में तीसरा पक्ष था ही नहीं। ट्रंप का पाक प्रेम आतंक के ढांचों को नई ताकत दे रहा है। एक बार फिर अमेरिका की 1970 के दौर की नीति पुनरावृत्ति हो रही है, जिसमें भारत को अलग-थलग करो, पाकिस्तान से दोस्ती गांठो और शांति बहाली का बहाना करो। लेकिन आज का भारत दब्बू देश नहीं, आत्मनिर्भर है। अब हम 3.9 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है, दुनिया का सबसे विशाल लोकतंत्र है और साउथ की आधारशिला है। भारत के 1.4 ट्रिलियन डॉलर का बाजार और ग्लोबल साउथ का नेतृत्व अमेरिकी राष्ट्रपति के टैरिफ वार के निशाने पर है। हमारा 2047 में विकसित भारत का संकल्प स्वायत्तता मांगता है, अधीनता नहीं। यह तय है कि ट्रंप के टैरिफ विकासशील देशों को क्षेत्रीय गठबंधनों की ओर ले जाएंगे। भारतीय फार्मास्युटिकल्स और कपड़े एशिया व यूरोप का रुख कर रहे हैं। भारत के नेतृत्व में ब्रिक्स देश वर्चस्ववाद के खिलाफ खड़े हो रहे हैं, जो अमेरिका के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। एच-1बी वीजा पर भारी टैक्स लगाने के बाद अब ट्रंप ने फार्मा उत्पादों के आयात पर लगाए गए 100 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया है। भारत अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली 45 प्रतिशत से अधिक जेनेरिक और 15 प्रतिशत बायोसिमिलर दवाओं की आपूर्ति करता है, लेकिन भारत पर इसका खास असर नहीं होने वाला है। इसका असर होगा तो अमेरिका को होगा जहां इलाज महंगा होने वाला है।



हिंसक प्रदर्शन
राजेश माहेश्वरी

केंद्र शासित क्षेत्र लद्दाख में जिस तरह विरोध-प्रदर्शन किए गए, उन्हें देखकर चीन की निगाहें भी फैल गई होंगी! बेशक आमरण अनशन पर 15 दिन से बैठे सोनम वांगचुक ने विरोध-प्रदर्शन की तुलना अरब स्प्रिंग और नेपाल के 'जेन ज़ी' विद्रोह से की, लेकिन यह देश-विरोधी बयान है, क्योंकि युवा इससे और भी ज्यादा भड़क सकते हैं। सोनम ने अपना अनशन भी वापस ले लिया और शांति की अपील भी की। यह कैसा दोगलापन है। लद्दाख वासियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। सोनम वांगचुक जैसे छद्म आंदोलनकारियों जिनके राजनीतिक स्वार्थ और पृष्ठभूमि किसी से छिपी नहीं है, से दूर ही रहना लद्दाख और लद्दाख वासियों के लिए श्रेयस्कर होगा।

# लद्दाख की शांति बिगाड़ने की कोशिश

लेह-लद्दाख जैसे शांत क्षेत्र में अचानक आगजनी, पत्थरबाजी, सरकारी वाहनों का दहन और उत्तेजित-भड़काऊ नारे। अचानक यह हिंसक माहौल देख-सुन कर देश चौकन्ना हो गया। लद्दाख 2250 मीटर से 7742 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ऐसा क्षेत्र है, जहां रूहानियत और सुकून बसते हैं। यह सीमावर्ती क्षेत्र भी है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के आसपास भारत और चीन के हजारों सशस्त्र सैनिक, कुछ समय पहले तक तैनात थे। अब सेनाएं काफी पीछे हट चुकी हैं, क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता के दौर जारी हैं। पहले तो युद्ध-सा माहौल था। लद्दाख में जिस तरह विरोध-प्रदर्शन किए गए, उन्हें देखकर चीन की निगाहें भी फैल गई होंगी! बेशक आमरण अनशन पर 15 दिन से बैठे सोनम वांगचुक ने विरोध-प्रदर्शन की तुलना अरब स्प्रिंग और नेपाल के 'जेन ज़ी' विद्रोह से की, लेकिन यह देश-विरोधी बयान है, क्योंकि युवा इससे और भी ज्यादा भड़क सकते हैं। सोनम ने अपना अनशन भी वापस ले लिया और शांति की अपील भी की। यह कैसा दोगलापन है।

लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र का दर्जा मोदी सरकार ने ही दिया था, अलबत्ता यह क्षेत्र दशकों से जम्मू-कश्मीर की छाया तले अपने स्वतंत्र अस्तित्व के विकास और विस्तार के लिए तरस रहा था। 2019 के बाद अब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दोनों ही केंद्र शासित क्षेत्र हैं। आंदोलन हिंसक क्यों हुआ, जिसमें 4-5 मौतें हो गईं और 70 से अधिक लोग घायल हो गए? प्रशासन को कर्फ्यू लगाना पड़ा, इंटरनेट की सप्लाई रोकनी पड़ी और 4 या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी लगानी पड़ी। अर्थात लेह-लद्दाख में अब रैलियों, विरोध-प्रदर्शनों और जलसे-जुलूस पर फिलहाल पाबंदी है। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े, लाठियां भांजनी पड़ी और प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय भाजपा दफ्तर को फूंक दिया। भाजपा नेतृत्व ने इस हिंसक आयोजन के पीछे स्थानीय कांग्रेस पार्षद की साजिश का आरोप लगाया है। बेशक सोनम वांगचुक लद्दाख में एक विख्यात चेहरा हैं। वह अभियंता, नवाचारी और शिक्षा सुधारक हैं और जलवायु परिवर्तन पर भी उनके खास सरोकार हैं। असल में इन विरोध प्रदर्शनों ने वांगचुक को एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में उभारा है, और कई लोग इस अनशन को उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के प्रदर्शन के रूप में देखते हैं। हालांकि, राजनीति उनके लिए नई नहीं है। वांगचुक के पिता सोनम वांग्याल एक राजनेता थे और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर सरकार में मंत्री रह चुके थे। उनके भाई पी वांग्याल भी एक राजनेता हैं और लेह स्थित लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के उपाध्यक्ष हैं। उपद्रव के बाद के हालातों को तेजी से समझते हुए उन्होंने अनशन भी तोड़ा और शांति की अपील भी की। लेकिन केंद्र सरकार की तिरछी नजर वांगचुक पर पड़ चुकी है। उनके राजनीतिक इरादे और षड्यंत्र धीरे-धीरे खुलने लगे हैं। केंद्र सरकार ने उनकी संस्था को विदेशी चंदा लेने पर रोक लगा दी है। यह भी बताया जाता है कि लद्दाख के युवाओं और छात्रों के भीतर, बीते कुछ समय से, एक उबाल हिलोरे मार रहा था। वे लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और उसे छठी अनुसूची में रखने की मांग लगातार कर रहे थे। हालांकि 2019 में जब लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र बनाया गया,



तो पूर्ण राज्य बनाने का कोई राजनीतिक और प्रशासनिक आश्वासन नहीं दिया गया था। लद्दाख बहुत छोटा क्षेत्र है। उसकी आबादी करीब 2.75 लाख है। क्षेत्रफल 59,146 वर्ग किमी. है। लद्दाख में बौद्ध धर्म सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। सभ्यता-संस्कृति भी काफी प्राचीन है। क्या भारत सरकार उसे पूर्ण राज्य का दर्जा देगी, जबकि जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के ऐसे मांग-पत्र अब भी विचाराधीन हैं। केंद्र और लेह शीर्ष निकाय के बीच चार माह के अंतराल के बाद 6 अक्टूबर को बैठक तय थी, लेकिन उससे पहले ही यह हिंसक विरोध-प्रदर्शन कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर के विपक्षी नेताओं द्वारा सवाल उठाये जा रहे हैं कि 2019 में केंद्र शासित प्रदेश बनने पर जश्न मनाने वाले लद्दाख के लोगों में आज आक्रोश क्यों पनप रहा है? वे इस अभिव्यक्ति के आलोक में जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे को फिर वापस लौटने की भी मांग कर रहे हैं। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि लेह के आंदोलनकारी कई सालों से भूमि संरक्षण व संस्कृति की रक्षा के लिए इस केंद्रशासित प्रदेश को संविधान की छठी अनुसूची का कवच देने तथा पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना था कि केंद्र शासित प्रदेश बनने से क्षेत्र के लोगों की आकांक्षा पूरी नहीं हुई। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिए आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश बनने पर बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं लद्दाख की अस्मिता को संरक्षित करने के लिए छठी अनुसूची की मांग लंबे समय से की जाती रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाजपा ने वर्ष 2019 के घोषणापत्र में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने का वादा किया था। लेकिन अब इस पर आनाकानी की जा रही है। आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है। असल सवाल यह है कि जो जायज मांगें हैं, सरकार को उन्हें मानना चाहिए। लेकिन अपनी मांगें मनवाने के लिए हिंसक हो जाना, आगजनी करने को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। लोकतंत्र में जिनका विश्वास है, वो हिंसा से दूर रहते हैं। इसका मतलब है कि लद्दाख की हिंसा सोची-समझी साजिश का नतीजा है। जांच एजेंसियों को इस हिंसा के पीछे चेहरों और नामों का खुलासा देशवासियों के समक्ष करना चाहिए। ताकि देश को सच्चाई का पता चलना चाहिए कि वो कौन लोग हैं जो अपनी राजनीतिक रोटियां या स्वार्थ पूरा करने के लिए युवाओं के कंधों का सहारा ले रहे हैं। सवाल है कि 'जेन ज़ी' की तर्ज पर छेड़े गए आंदोलन और हिंसक प्रदर्शन के जरिए लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाया जा सकता है? भारत नेपाल के बीच जमीन-आसमान का अंतर है। लद्दाख वासियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। सोनम वांगचुक जैसे छद्म आंदोलनकारियों जिनके राजनीतिक स्वार्थ और पृष्ठभूमि किसी से छिपी नहीं है, से दूर ही रहना लद्दाख और लद्दाख वासियों के लिए श्रेयस्कर होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



केरल के कासरगोड में मधुवाहिनी नदी के तट पर स्थित मधुर महागणपति मंदिर भारत का एक और प्रसिद्ध गणेश मंदिर है जो भक्तों के बीच आस्था का केंद्र होने के साथ साथ अपनी स्थापत्य सुंदरता और ऐतिहासिक संरचना के लिए भी जाना जाता है। इस प्रसिद्ध मंदिर का निर्माण 10 वीं शताब्दी में कुंबला के मायपदी राजाओं द्वारा करवाया गया था। भगवान गणेश की मूर्ति की विशिष्टता इसे लोकप्रिय बनाती है।

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

# बहरूपियों से हमेशा सतर्क एवं सावधान रहें



संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहा: भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा कि: मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

## व्यवहार
योगेंद्र माथुर



# समाज में बढ़ता अमर्यादित आचरण का संक्रमण

अमर्यादित आचरण-व्यवहार हमारे आधुनिक जीवन की दिनचर्या का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह से रात्रि तक की दिनचर्या में परिवार-कुल की पीढ़ियों के संस्कार बहुत पीछे छूटते दिखाई देने लगे हैं। दिनभर की शुभता के लिए सुबह जागते ही 'कराग्रे वसते लक्ष्मीः, कर मध्ये सरस्वती, कर मुले तू गोविंदम, प्रभाते कर दर्शनम।' बीज मंत्र के साथ हथेलियों के प्रथम दर्शन करने की सनातन संस्कृति की महत्वपूर्ण दार्शनिक व्यवस्था या परम्परा के स्थान पर आधुनिक जीवन की दिनचर्या का आरंभ 'मोबाइल दर्शन' के साथ 'हैलो-हाय' से हो रहा है। मोबाइल संस्कृति में पोषित-पल्लवित व कथित 'स्टेटस मेंटेन' करने की अंधी होड़ में लगे नवकुबेर या धनाढ्य वर्ग के लोगों सहित पाश्चात्य जीवन शैली को पसंद करने वाले प्रायः अन्य सभी वर्गों के लोगों को पहनने-ओढ़ने, खाने-पीने, सोने-जागने से लेकर उठने-बैठने, कहीं आने-जाने, कुछ भी खरीदने-बेचने और चाहे जैसा या कुछ भी बोलने तक के तौर-तरीकों में कोई रोक-टोक या बंधन स्वीकार नहीं है। ट्रैफिक के नियमों का पालन करना ये लोग जानते नहीं, कहीं भी लाइन तोड़कर बीच में घुसना विशेषाधिकार समझा जाता हैं। रिश्तों की गरिमा दिन-ब-दिन क्षीण होती नजर आ रही है। बड़े-बुजुर्गों का सम्मान ताक पर रखा गया लगता है। अनाचार, व्याभिचार तेजी से बढ़ता दिख रहा है। परिधान कितना ही अश्लील या भद्दा लगे, 'हमे जो अच्छा लगेगा वहीं पहनेंगे, आपकी मर्जी का थोड़े ही पहनेंगे।' सभ्यता, शिष्टाचार केवल शब्दकोश के शब्द तक सीमित रह गए लगते हैं। पाश्चात्य सभ्यता व संस्कृति के रंग में रंगी हमारी किशोर व युवा पीढ़ी में यह निरंकुशता अधिक दिखाई देती है। पब बार या कॉकटेल पार्टियों से देर रात घर लौटने और सुबह देर तक सोई रहने वाली आधुनिक युवा पीढ़ी सहित अमर्यादित जीवन जीने व असभ्य आचरण-व्यवहार का प्रदर्शन करने वाले लोग अपने जीवन के साथ साथ परिवार, समाज व राष्ट्र तक के वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। महानगरों से आरंभ हुई यह कुसंस्कृति मध्यम श्रेणी के शहरों से होती हुई अब कस्बेनुमा शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों तक को संक्रमित कर रही है। ऐसा भी नहीं कि समूचे समाज या राष्ट्र में मर्यादा या संस्कारों का सूखा पड़ गया है। सभ्य, सुशिक्षित, संस्कारित व भारतीय संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने वाले लोग भी हैं जो भारतीय संस्कृति की सुगंध समूची दुनिया में फैलाने में लगे हैं। युवा पीढ़ी का एक बड़ा वह वर्ग भी है जो बड़े सपने देख रहा है और उन्हें कार्यरूप में परिणित कर नित नई उपलब्धियों के साथ सफलता के उच्च कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। अपनी शिक्षा, कार्य व संस्कार के माध्यम से देश सेवा में जुटे ऐसे ही लोगों के दम पर भारत विकास के नए आयाम छू रहा है और 'विश्व गुरु' बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। लेकिन समाज व राष्ट्र की कड़वी सच्चाई यह है कि स्वतंत्रता के नाम पर स्वच्छंदता व उच्छृंखलता अधिक बढ़ती दिख रही है। स्वस्थ व सुंदर समाज के निर्माण के मान से यह स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जीरो टैक्स या पूर्ण नेट बैंकिंग में छिपी देश की समृद्धि

जीरो टैक्स से व्यापारी अपनी ताकत हिसाब-किताब में लगाने के बजाय, व्यापार पर और अधिक तवज्जो देने के साथ-साथ, प्रतिदिन अधिक से अधिक धन बैंक में जमा करवा सकता है। इससे देश में धन संचालन और अधिक बढ़ जाएगा, जो विकास को चार चांद लगा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि व्यक्तिगत विकास से लेकर समूचे देश के विकास में धन ही रीढ़ की हड्डी तुल्य है। अभी हमारे नीति निर्धारकों को जीरो टैक्स का औचित्य शायद अटपटा लगे, तो विकल्प के रूप में पैसे का लेन-देन पूर्णतः नेट बैंकिंग के द्वारा हो जाए, तो करदाता हिसाब-किताब से अनिश्चितता की तलवार से निश्चित ही राहत पाएगा। फलस्वरूप भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा तथा देश समृद्ध होगा। - **विकास शर्मा**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### मां दुर्गा की पूजा

नवरात्रि के दौरान, पश्चिम बंगाल एक विशेष ऊर्जा और आनंद से भरपूर होता है। आज कोलकाता में संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की। उनकी कृपा से सभी का कल्याण हो।



**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### मिग-21

भारत की सुरक्षा यात्रा में मिग -21 एक सारथी की तरह हमेशा हमारे साथ रहा। आने वाले समय में दुनिया कहेगी कि भारत वही देश है जिसने मिग -21 से शुरुआत की और आज फ्यूचर टेक्नॉलजी में विश्व का लीडर बना।



**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### पेपर लीक

देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की ज़िंदगी और सपनों को तबाह कर दिया है। उत्तराखंड का यूकेएसएसएससी पेपर लीक इसका ताज़ा उदाहरण है। बीजेपी ने चोरी से लाखों युवाओं की पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया।



**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### लखपति दीदी अभियान

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने केंद्र सरकार के लखपति दीदी अभियान को भी नई मजबूती दी है। मुद्रा योजना, ड्रोन दीदी अभियान, बीमा सखी अभियान, बैंक दीदी अभियान... ये सब भी आपके लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बना रहे हैं।



**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

## करंट अफेयर

# हंगरी, रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा: पीएम

हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद रोकने की मांग किए जाने के बावजूद उनका देश रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा। ओर्बन ने अपने सहयोगी देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को बताया कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए ''विनाशकारी'' होगा। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यूरोप के ज्यादातर देशों ने रूसी तेल और गैस की खरीद बंद कर दी है लेकिन हंगरी उन देशों में शामिल है, जो अब भी रूस से तेल और गैस खरीद रहा है। ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में हंगरी समेत नाटो के सभी देशों से अपील की थी कि वे रूसी तेल की खरीद बंद करें। ओर्बन ने सरकारी रेडियो को दिए एक बयान में कहा कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए ''विनाशकारी'' होगा। ओर्बन ने कहा, मैंने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा ... कि यदि हंगरी को रूसी तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति नहीं मिली तो एक मिनट के भीतर ही हंगरी की अर्थव्यवस्था प्रभावित होने लगेगी... इसका मतलब है कि हंगरी की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी।"



## ऑफ बीट

# जानवरों के लिए अस्तित्व की लड़ाई में रंग बड़ा हथियार

जानवरों की दुनिया अविश्वसनीय रूप से रंगीन है और रंग अस्तित्व के लिए लगातार जारी संघर्ष में अहम हथियार साबित होते हैं। ज्यादातर जानवर शिकारियों से बचने के लिए छलावरण का सहारा लेते हैं। वहीं, कुछ जानवर गहरे और चमकीले रंग दिखाकर संभावित शिकारियों को आगाह करते हैं कि वे उनके लिए उपयुक्त शिकार नहीं हैं। शिकारियों को आगाह करने की यह रणनीति "एपोसेमेटिज्म" या चेतावनी रंगीकरण कहलाती है। हालांकि, "एपोसेमेटिज्म" छलावरण से कम प्रचलित है, लेकिन पर्यावरणीय दबावों के कारण तितलियों, भृंगों, कीड़ों, समुद्री स्लग, जहरीले मेंढकों और यहां तक कि पक्षियों ने भी स्वतंत्र रूप से इस रणनीति को अपना लिया है। ऐसे में मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि जानवरों की विभिन्न नस्लें इनमें से किसी एक रणनीति का इस्तेमाल क्यों करती हैं। क्या इनमें से कोई एक रणनीति आमतौर पर ज्यादा सफल होती है? किन विशिष्ट परिस्थितियों में एक रणनीति दूसरी रणनीति से बेहतर साबित होती है? 'साइंस' पत्रिमा में शुक्रवार को प्रकाशित हमारा नया अध्ययन इन सवालों के जवाब देने की कोशिश करता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025 | आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी | वर्ष : 25, अंक : 185 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


# 62 बरस तक आसमानी योद्धा रहे मिग-21 ने भरी आखिरी उड़ान

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

भारतीय वायुसेना में 62 साल तक अपनी सेवाएं देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान आज सेवानिवृत्त हो गया है। चंडीगढ़ एयरबेस से 6 मिग विमानों के बेड़े ने आखिरी उड़ान भरी, जिसका नेतृत्व वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने किया। स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा लिया। इस विमान को 1963 में चंडीगढ़ से ही वायुसेना में शामिल किया गया था। विदाई समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत कई अधिकारी शामिल हुए।

### कई बार दुश्मनों को धुंआ-धुंआ कर चुका

मिग-21 भारत का पहला सुपरसोनिक लड़ाकू विमान है। यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता है। इस विमान ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के करगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट हवाई हमलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां तक की इसने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भी योगदान दिया है। ये वायुसेना में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाला विमान भी है।

62 साल बाद हुई विदाई, वायुसेना प्रमुख एपी सिंह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रहे मौजूद



### भारत-रूस की मित्रता की मिसाल : राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने कहा, हम एक ऐसे अध्याय को विदाई दे रहे हैं, जिससे काफी यादें जुड़ी हैं। यह एक मशीन नहीं, बल्कि भारत-रूस की मित्रता की मिसाल है। लंबे समय से मिग-21 अनेक वीरतापूर्ण कार्यों का साक्षी रहा है। इसका योगदान एक घटना या युद्ध तक सीमित नहीं रहा। 1971 के युद्ध से लेकर करगिल तक, बालाकोट से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, ऐसा कोई क्षण नहीं रहा जब मिग-21 ने हमारे सशस्त्र बलों को ताकत प्रदान न की हो।



### फ्लाईपास्ट में क्या-क्या हुआ

मिग-21 के औपचारिक फ्लाईपास्ट में 23 स्क्वाड्रन के 6 मिग-21 जेट विमानों को 2 फॉर्मेशन फ्लाईपास्ट में शामिल किया गया। इसमें एक बादल फॉर्मेशन है, जिसमें 3 मिग-21 ने हिस्सा लिया। इसके बाद विमानों ने पैंथर फॉर्मेशन बनाया, जिसमें 5 मिग-21 विमान शामिल हुए। फ्लाईपास्ट के बाद विमानों को वाटर सैल्यूट (फायर टेंडर्स से पानी की धारा) दिया गया। इसी के साथ आधिकारिक तौर पर मिग-21 वायुसेना से सेवानिवृत्त हो गए।

### मिग-21 की जगह लेंगे तेजस विमान

वायुसेना में मिग-21 विमानों की जगह अब नए तेजस विमान लेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बीते दिन ही 97 तेजस लड़ाकू विमानों के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 62,370 करोड़ रुपये का समझौता किया है। इससे पहले रक्षा मंत्रालय ने फरवरी 2021 में एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए विमानों को लेकर समझौता किया था।

---

सीमेंट कंपनियों ने बिलों में कम किए दाम डीलरों के डिस्काउंट में भी कर दी कटौती

*जीएसटी में बदलाव के कारण सीमेंट की कीमत में दस फीसदी कमी होने का जो लाभ ग्राहकों को मिलना चाहिए, वह नहीं मिल रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में यह बात सामने आई है कि चिल्हर में दाम पहले जितने ही हैं। प्रदेश में सीमेंट कंपनियों ने सरकारी काम में आने वाले नान ट्रेड सीमेंट के दाम तो 25 रुपए कम कर दिए हैं, लेकिन खुले बाजार के सीमेंट में संभावना की तरह की खेल कर दिया गया है। इसमें सीमेंट कंपनियों ने कागजों पर भी दाम कम करने का खेल किया है।*

# सीमेंट में जीएसटी कम होने का नहीं मिल रहा फायदा, दाम कागजों पर घटे

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीमेंट कंपनियां पहले 300 से 335 रुपए तक बिलिंग करती थीं। अलग-अलग कंपनियों के डिस्काउंट के कारण सीमेंट 250 से 275 रुपए डीलरों में मिलता था। कंपनियों ने बिलिंग में दाम 30 रुपए कम करके 270 से बिलिंग 305 रुपए कर दी है और डिस्काउंट को कम कर दिया है। सीमेंट में पहले 28 फीसदी जीएसटी लगती थी, इसको 18 फीसदी में लाया गया है। ऐसे में कायदे से इसके दाम दस फीसदी कम होने से 25 से 30 रुपए का फर्क आना चाहिए। लेकिन आम आदमी की पहुंच वाले खुले बाजार के सीमेंट के दाम कम न होकर और ज्यादा हो गए हैं।



**केस 1 — भारत ब्रदर्स लाखेनगर**

रिपोर्टर- सीमेंट का रेट क्या है?
दुकानदार- अल्ट्रा ट्रेक 60 बोरी लेने पर 302 रुपए, चिल्हर में 310 रुपए है।

**केस 2 — दिनेश ट्रेडर्स रायपुरा**

रिपोर्टर- सीमेंट क्या रेट है?
दुकानदार- अल्ट्रा ट्रेक 60 बोरी लेने पर 290 रुपए और चिल्हर में 300 रुपए है।

**केस 3 — जय अंबे कंस्ट्रक्शन महादेव घाट रोड**

रिपोर्टर- सीमेंट क्या रेट है?
दुकानदार- एसीसी सीमेंट 60 बोरी लेने पर 290 रुपए और दो से चार बोरी लेने पर 300 रुपए है। दूरी के हिसाब से भाड़ा अलग से।

### ऐसे किया बिलों में खेल

अपने प्रदेश में कई कंपनियों के सीमेंट बिकते हैं। इसके दाम खुले बाजार में 250 से लेकर 300 रुपए या इससे ज्यादा भी रहते हैं। जानकारों का कहना है कि ज्यादातर कंपनियां पहले से ही बिलों में खेल करती हैं। सीमेंट के दाम बिल में ज्यादा रहते हैं और उसमें अलग-अलग तरह के डिस्काउंट देकर दाम को कम कर दिया जाता है। जिस कंपनी को अपना सीमेंट 250 रुपए में बेचना रहता है, उसकी बिलिंग 300 रुपए तक रहती है। इसमें 50 रुपए का डिस्काउंट दिया जाता है। ऐसे में विक्रेताओं को यह 250 रुपए में मिल जाता है तो ग्राहकों को 260 रुपए में बेच देते हैं। इसी तरह से जिन कंपनियों को अपना सीमेंट 275 रुपए तक बेचना रहता है, वो कंपनियां इसकी बिलिंग 325 रुपए कर करती हैं। अब कंपनियों ने सरकार को दिखाने के लिए अपनी बिलिंग 270 से 305 रुपए कर दी है।

### नहीं मिल रहा फायदा

पहले विक्रेताओं को 320 रुपए बिल वाला सीमेंट डिस्काउंट के कारण 280 रुपए में मिलता था तो अपना मुनाफा 10 रुपए लेकर उसको 290 रुपए में बेच देते थे। ऐसे में डिस्काउंट के 40 रुपए और मुनाफे के दस रुपए मिलाकर उनको 50 रुपए बच जाते थे। लेकिन डिस्काउंट कम होने के कारण अब मजबूरी में विक्रेताओं को लगभग पुरानी कीमत पर ही सीमेंट बेचना पड़ रहा है, ताकि उनके ग्राहक खराब न हों। कुल मिलाकर जो सीमेंट पहले ग्राहकों को 290 से 300 रुपए में मिल रहा था, वह जीएसटी कम होने से 260 से 270 रुपए में मिलना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। विक्रेताओं को अब 305 रुपए बिलिंग में सीमेंट मिल रहा है और इसमें 15 से 20 रुपए तक डिस्काउंट दिया जा रहा है। ऐसे में विक्रेताओं को सीमेंट 285 से 290 रुपए में मिल रहा है तो इसको थोक में 290 से 295 और चिल्हर में 300 से 310 रुपए में बेच रहे हैं। इसी दाम पर पहले भी सीमेंट बिक रहा था।

---

लेह में हिंसा भड़काने का आरोप

# वांगचुक गिरफ्तार, एनजीओ लाइसेंस कैंसिल, विदेशी फंडिंग पर रोक

एजेंसी ▶▶| लेह

हरिभूमि फॉलोअप

लद्दाख को अलग राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर आंदोलन के समर्थकों द्वारा किये गए हिंसक विरोध प्रदर्शन के दो दिन बाद पुलिस ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया। इस प्रदर्शन में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 अन्य घायल हो गए थे। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद देश में सियासत भी गरमा गई है। अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एस डी सिंह जामवाल के नेतृत्व में पुलिस दल ने अपराह्न 2.30 बजे वांगचुक को हिरासत में लिया। वांगचुक पर लगाए गये आरोपों के बारे में अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हिंसा का कारण बने उकसावे के लिए वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया है।



### लोगों की पीड़ा को केंद्र सरकार समझे : कांग्रेस

कांग्रेस पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश के लोगों की पीड़ा से केंद्र सरकार की अंतरात्मा जगनी चाहिए और उनकी वैध आकांक्षाओं को पूरा करने ठोस प्रयास किये जाने चाहिए। रमेश ने आरोप लगाया कि संविधान की छठी अनुसूची से जुड़ी मांगों पर सिर्फ बैठकें होती रही हैं, कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ जिस कारण ऐसे हालात पैदा हुए।

### फंड का गलत इस्तेमाल, ईडी फेमा की होगी एंट्री

सोनम वांगचुक की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। विदेशों से मिले फंड का दुरुपयोग करने पर उनकी एनजीओ एसईसीएमओएल के खिलाफ जल्द ही प्रवर्तन निदेशालय के फेमा के तहत जांच शुरू करने की संभावना है। उनके एनजीओ पर आरोप है कि उसने विदेशी चंदे और पैसों को लेकर सही जानकारी नहीं दी और एफसीआरए कानून के नियमों का पालन नहीं किया। साथ ही विदेश से मिले फंड्स लौटाने का भी आरोप है।

### वांगचुक ने हिंसा के लिए भड़काया : गृह मंत्रालय

गृह मंत्रालय ने कहा है कि सोनम वांगचुक ने भीड़ को अपने भड़काऊ बयानों से उकसाया। कई नेताओं द्वारा भूख हड़ताल खत्म करने की अपील करने के बावजूद, सोनम वांगचुक ने अनशन जारी रखा। उन्होंने नेपाल में जेन-जेड के विरोध प्रदर्शनों का हवाला दिया। इसी के बाद भीड़ ने अनशन स्थल से निकलकर बीजेपी कार्यालय और सीईसी लेह के सरकारी कार्यालय पर हमला किया।

---

उच्चतम न्यायालय का आदेश

# केन्द्रीय कमेटी मेंबर कट्टा रेड्डी का शव रखें संरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माड़ मुठभेड़ में 22 सितम्बर को मारे गए केन्द्रीय कमेटी मेंबर कडारि सत्यनारायण रेड्डी उर्फ कोसा दादा के शव का गुरूवार को तेलगांना के करीमनगर में अंतिम संस्कार कर दिया गया, लेकिन कट्टा रामचन्द्र रेड्डी उर्फ राजू दादा के शव को अब भी मरच्यूरी में रखा गया है। शव को संरक्षित रखने के लिए परिजनों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसके ▶▶|शेष पेज 6 पर

### एक नए पोस्टमॉर्टम की भी मांग

याचिका में स्वतंत्र जांच की मांग की गई है, जिसमें केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को जांच सौंपने और छत्तीसगढ़ के अधिकारियों को इससे बाहर रखने की बात कही गई। साथ ही एक नए पोस्टमॉर्टम की भी मांग की गई है। हैदराबाद के नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ में शोधकर्ता राजा चंद्रा ने अनुरोध किया कि उनके पिता के शव को सरकारी शवगृह में तब तक संरक्षित रखा जाए, जब तक निष्पक्ष जांच पूरी नहीं हो जाती।

---

कहा-व्यर्थ की याचिका

# सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड चुनाव आयोग पर लगाया 2 लाख का दंड



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के राज्य निर्वाचन आयोग पर 2 लाख रुपए का आर्थिक दंड लगाया है। राज्य निर्वाचन आयोग हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। हाई कोर्ट ने एक से अधिक जगह मतदाता सूची में शामिल लोगों के चुनाव लड़ने पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस रोक को सही कहा। व्यर्थ की याचिका दाखिल करने के लिए आयोग पर हर्जाना लगाया।

### उत्तराखंड चुनाव आयोग का सर्कुलर

उत्तराखंड चुनाव आयोग ने 6 जुलाई 2025 को एक स्पष्टीकरण सर्क्युलर जारी किया था। इसमें कहा गया था कि अगर किसी उम्मीदवार का नाम एक से अधिक ग्राम पंचायत या नगर निकाय की मतदाता सूची में है, तो उसे नामांकन से वंचित नहीं किया जाएगा. 11 जुलाई को हाई कोर्ट ने इस स्पष्टीकरण पर रोक लगा दी थी।

---

# राहुल पर चलेगा मुकदमा, हाईकोर्ट से राहत नहीं

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद हाई कोर्ट से सिखों से संबंधित बयान देने के मामले में झटका लगा है। कोर्ट ने कांग्रेस नेता की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसे वाराणसी की सांसद-विधायक विशेष कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ दायर किया गया था। मामले में पिछले साल विशेष कोर्ट ने राहुल के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका स्वीकार कर ली थी, जिसको राहुल ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने दिया है, जिसके बाद राहुल के खिलाफ विशेष कोर्ट में मुकदमा चलने का रास्ता साफ हो गया है।

---

*जुमे की नमाज के बाद भीड़ हुई बेकाबू*

# आई लव मुहम्मद को लेकर उपद्रव, पुलिस ने भांजी लाठियां

एजेंसी ▶▶| बरेली

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में शुक्रवार को 'आई लव मुहम्मद' को लेकर बड़ा बवाल हो गया। जिले में 3 जगहों पर उपद्रव होने की सूचना आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सदर कोतवाली, प्रेमनगर और बारादरी थाना क्षेत्र में जुमे की नमाज के बाद भीड़ बेकाबू हो गई और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प भी हुई।



### ऐसे शुरू हुआ विवाद...

इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने ऐलान किया था कि वे शुकवार को नमाज के बाद 'आई लव मोहम्मद' पर टिप्पणियों के खिलाफ इस्लामियां इंटर कॉलेज के मैदान में प्रदर्शन करते समय उपद्रव शुरु हुआ जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की।

**पुलिस ने छोड़ी अश्रुगैस, मौलाना हिरासत में**

मैदान के पास उग्र हुई भीड़ को संभालने में पुलिस बल तैनात करना पड़ा। मौलाना तौकीर को हिरासत में ले लिया गया है। इस दौरान अलग-अलग इलाकों में पुलिस पर छत से पथराव किया गया। पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागने की बात भी सामने आ रही है।


MARUTI SUZUKI ARENA

त्योहारों की ख़ुशी अब हुई और बड़ी

GST लाभ और सीमित अवधि फैस्टिव ऑफ़र्स के साथ

30 सितंबर, 2025 तक मान्य

| MODEL | S-PRESSO | ALTO K10 | CELERIO | WAGONR | SWIFT | DZIRE | BREZZA | ERTIGA | EECO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| REDUCTION IN PRICE^ (₹) UP TO | 129 600 | 107 600 | 94 100 | 79 600 | 84 600 | 87 700 | 112 700 | 46 400 | 68 000 |
| NOW STARTING AT^ (₹) | 349 900 | 369 900 | 469 900 | 498 900 | 578 900 | 625 600 | 825 900 | 880 000 | 518 100 |
| ADDITIONAL FESTIVE OFFERS* (₹) UP TO | 70 500 | 80 500 | 70 500 | 80 500 | 98 000 | - | 48 000 | - | 50 500 |

BOOK NOW | UP TO 100% PROCESSING FEE WAIVER ON CAR FINANCE#



ARENA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM

Contact us at 1800-102-1800

T&C available at dealership. Features/accessories vary by variant. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. *Offers / Prices differ by variant/model/location/city and may change or end without notice. Includes consumer, exchange, and institutional/rural offers (where applicable) on select models. Offer values shown are maximums. Prices subject to GST rates as notified by the Government. ^Reductions and starting prices vary by variant. #Valid with select financiers, for personal-use vehicles only.

### पीएम मोदी ने महिलाओं को राजद-कांग्रेस से किया सावधान

# गरीब, आईएएस सब पर हुआ अत्याचार बिहार को अब उस दौर में नहीं जाने देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

बिहार चुनाव से पहले प्रदेश की 75 लाख महिलाओं के खाते में 7500 करोड़ की राशि पीएम नरेंद्र मोदी ने भेज दिया। इस मौके पर उन्होंने राजद और कांग्रेस से बिहार की महिलाओं को सावधान किया। पीएम ने कहा कि राजद के शासन में बिहार में खौफ था। गरीब से लेकर आईएएस अफसर तक राजद के अत्याचार के शिकार बनने से नहीं बच पाए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए की सरकार में कानून के राज को लौटाया है। आज हम सभी को यह प्रण करना है कि बिहार को फिर कभी उसे अंधेरे में नहीं जाने देंगे। अपने बच्चों के भविष्य को बर्बाद होने से बचाने का यही रास्ता है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार की 75 लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस-दस हजार रुपए हस्तांतरित करने के बाद अपनी बात कह रहे थे।



### हर परेशानी से महिलाओं माताओं बहनों को दूर रखना हमारा दायित्व

जीविका की महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हमें वो दिन भी नहीं भूलनी है, जब राजद की बिहार में सरकार थी और सबसे अधिक अत्याचार और भ्रष्टाचार का दंश महिलाओं ने ही भुगता है। एनडीए की सरकार ने कठिन मेहनत से बिहार को उस दौर से बाहर निकाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर परेशानी से महिलाओं को दूर रखना हमारा दायित्व है। पीएम ने कहा कि राजद-कांग्रेस के शासनकाल में जब सड़कें टूटी-फूटी होती थीं और पुल पुलिए नहीं थे तो इसका सबसे ज्यादा खामियाजा मां बहनों को भुगतना पड़ता था। बाढ़ के समय गर्भवती महिलाओं को समय से अस्पताल ले जाना मुश्किल होता था।

### 'हमारी सरकार बनने पर हर महीने देंगे 2500 रुपए'

#### पटना में प्रियंका ने किए तीन अहम वादे

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को पहले पटना में महिला संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महिला संवाद में प्रियंका गांधी ने महिलाओं से बड़ा वादा भी किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार आई तो जरूरतमंद महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देंगे। साथ ही 25 लाख के स्वास्थ्य बीमा का भी वादा किया। महिलाओं संग बात करते हुए प्रियंका ने कहा, 'हमने तय किया है कि राजस्थान में जो 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा लागू किया गया था वो हम बिहार में भी लागू करेंगे। हम भूमिहीन परिवार को जमीन दिलाएंगे। इस जमीन का मालिकाना हक महिलाओं को दिया जाएगा, जिससे जमीन आपकी हो। पटना के बाद प्रियंका ने मोतिहारी के गांधी मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा-नीतीश सरकार पर तीखा हमला बोला और जनता से महागठबंधन को सत्ता में लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि "अब बहुत संघर्ष कर लिया आपने, अब बदलाव का समय आ गया है।



### बीएसपी की पहली लिस्ट, भभुआ समेत 4 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है, जिसमें कई प्रमुख सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई है। इस सूची में पार्टी ने भभुआ, मोहनियां, रामगढ़ और करगहर जैसी महत्वपूर्ण सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। भभुआ सीट से बहुजन समाज पार्टी ने विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल को मैदान में उतारा है। वहीं, मोहनियां (सुरक्षित) सीट से भोजपुरी सिंगर ओम प्रकाश दीवाना को उम्मीदवार बनाया गया है, जो अपने गायन के साथ-साथ अब राजनीति में भी अपनी छाप छोड़ने को तैयार हैं। रामगढ़ सीट पर पार्टी ने सतीश यादव उर्फ पिन्टू यादव को टिकट दिया है, जो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व विधायक अंबिका यादव के बेटे हैं। बसपा के इस फैसले से रामगढ़ में चुनावी मुकाबला और दिलचस्प होने की उम्मीद है।



### भारत ने खारिज किया यूक्रेन युद्ध पर मार्क रूटे का दावा

# 'नाटो चीफ झूठे, मोदी पुतिन की नहीं हुई बात'



हरिभूमि न्यूज:नई दिल्ली

भारत ने शुक्रवार को नाटो के महासचिव मार्क रूटे के उन दावों को पूरी तरह से खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के बाद भारत ने यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की रणनीति पर सवाल उठाए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने रूटे के इस दावे को 'तथ्यात्मक रूप से गलत और पूरी तरह आधारहीन' बताया है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा है कि रूस के साथ यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत की ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई और मार्क रूटे को भविष्य में ऐसी बयानबाजी को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी।

भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, 'हमने नाटो महासचिव मार्क रूटे के बयान का संज्ञान लिया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर कथित बातचीत का जिक्र है। यह बयान तथ्यों से मेल नहीं खाता और पूरी तरह झूठा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कभी पुतिन से इस तरह बात नहीं की। ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई।' भारत ने कहा कि नाटो प्रमुख को बयानों में ज्यादा जिम्मेदारी दिखानी चाहिए।

### भाजपा का दूसरा नाम 'पेपर चोर' : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा के कथित पेपर लीक को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दूसरा नाम 'पेपर चोर' है। उन्होंने कहा कि वह इस लड़ाई में उत्तराखंड के युवाओं के साथ मजबूती से खड़े हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'आज भाजपा का दूसरा नाम है – पेपर चोर। देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की ज़िंदगी और सपनों को तबाह कर दिया है। उत्तराखंड का उत्तराखंड एसएससी पेपर लीक इसका ताज़ा उदाहरण है।


**RAIPUR DISTRICT URBAN PUBLIC SERVICE SOCIETY**
**OFFICE OF THE COLLECTORATE PREMISES, OFFICE ROOM NO.-17 RAIPUR 492001**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (1st Call)**

NIT NO:2175/RDUPSS/CITY BUS/2025 RAIPUR, DATED: 25.09.2025

Online bids are invited for the following works up to **28.10.2025** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract (with GST) |
|---|---|---|---|
| 1 | 176762 | प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 50 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य। | Rs. 99,90,000.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **25.09.2025 17.30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

**NOTE:** - 1. All eligible/interested Contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

Executive Engineer (RDUPSS)
Raipur District Urban Public Service Society Raipur (C.G.)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. /निर्माण/2025 दिनांक 19.09.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 15 कोरबा सतनामी कल्याण समिति कोरबा के भवन परिसर स्टेज के सामने डोम (टीन का छज्जा निर्माण कार्य पार्ट-ए, पार्ट-बी एवं पार्ट-सी) (विधायक मद) (प्रथम निविदा) | 64.00 | 10.10.2025 (T.No. 175946) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)


# 73 साल की सिख महिला को बेड़ियों से बांधकर भेजा भारत

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप ने जब से अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभाला है। वह अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए हैं। अब तक अमेरिका से कई मुल्कों के अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट किया जा चुका है। लेकिन हैरानी की बात है कि अमेरिका में 30 साल से अपने परिवार के साथ रह रही 73 साल की महिला को भारत डिपोर्ट कर दिया गया है। 73 साल की बुजुर्ग भारतीय महिला हरजीत कौर मूल रूप से पंजाब के मोहाली की रहने वाली है। वह लगभग 30 साल से अमेरिका में अपने परिवार के साथ रह रही थीं। लेकिन ट्रंप सरकार ने अमेरिका में वैध रूप से रहने के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं होने की वजह से उन्हें भारत डिपोर्ट कर दिया। इस बीच महिला को अपने परिवार से भी मिलने नहीं दिया गया।



### बड़े पैमाने पर किया प्रोटेस्ट

महिला के वकील दीपक आहलुवालिया ने बताया कि बीबी जी (हरजीत कौर) पंजाब पहुंच चुकी है। वह इस समय भारत में हैं। उन्हें लॉस एंजेलिस से जॉर्जिया ले जाय गया, जहां से उन्हें नई दिल्ली की फ्लाइट में बैठाकर भेजा गया। हरजीत को भारत डिपोर्ट किए जाने से पहले डिटेन किया गया था। इसकी वजह से उनके परिवार और समुदाय के लोगों ने बड़े पैमाने पर प्रोटेस्ट किया और उनकी रिहाई की मांग की थी। दरअसल नॉर्दर्न कैलिफोर्निया में रहने वाली हरजीत कौर को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ने एक रूटीन चेकिंग के दौरान हिरासत में लिया था।


**Directorate of Extension Services**
**Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya**
Krishak Nagar, Raipur-492012 (Chhattisgarh)
**निदेशालय विस्तार सेवायें, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय**
कृषक नगर, रायपुर-492012 (छत्तीसगढ़)
Phone: 0071-2442274 (0), 9425585171 (M)
Email: des@lgkv.ac.in, Website: https://igkv.ac.in

No. 1863/DES/Event Tender/2025/Raipur Dated: 25-09-2025

**TENDER NOTICE (First Call)**

Sealed tenders are invited from reputed Event Management Companies/Firms for arranging "Regional Agriculture Fair" during Agri-Carnival 2025 at IGKV Campus Raipur from 11-14 Nov 2025. The tender document with terms and conditions can be downloaded from the website www.igkv.ac.in. The last date for submission of sealed tender will be 15.10.2025 at 1:00 PM and will be opened on the same day at 2:00 PM in the office of the undersigned.

Director Extension Services
IGKV-Raipur

S-45395



**न्यायालय कलेक्टर, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक/534/रीडर/2025 सारंगढ़, दिनांक 22.09.2025

प्रति,
श्री शत्रुघन पटेल पिता चमरू पटेल (वाहन स्वामी)
निवासी-खैरहा, थाना-सिटी कोतवाली सारंगढ़
जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**विषय:-प्रकरण की सुनवाई हेतु उपस्थित होने बाबत। पेशी दिनांक 14.10.2025**

आपको पेपर प्रकाशन के जरिये सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 के तहत लंबित प्रकरण क्रमांक 202507321300004/अ-47क (2)/2024-25 पक्षकार छ.ग. शासन बनाम शत्रुघन पटेल, सा. बुटीपारा, सारंगढ़ में आगामी पेशी दिनांक 14-10-2025 को नियत है। उक्त सुनवाई तिथि में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जावेगी।

(कले. महो. द्वारा आदेशित)

डिप्टी कलेक्टर
हेतु कलेक्टर, सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

जी. 252603750/1



**कार्यालय कृषि यंत्री (बिलासपुर / सरगुजा संभाग)**
नूतन चौक, इंदिरा विहार (SECL.) कॉलोनी के सामने सामने, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

क्रमांक /स्था./2025-28/1610 बिलासपुर, दिनांक 24/09/25

प्रति,
श्री जितेन्द्र सिंह सोलंकी,
(क्लीनर) श्री सुरेन्द्र कुमार दुबे (शिवशक्ति कन्स्ट्रक्शन)
दैहानपारा, सरकण्डा, बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

विषय :- अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति के संबंध में।

संदर्भ :- 1. कार्यालय सहायक कृषि यंत्री रायगढ़ का पत्र क्रमांक / स्था/24-25/200 दिनांक 21.10.2024
2. छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय नवा रायपुर का पत्र क्रमांक: एफ 3-1/2024/1-3 नवा रायपुर, दिनांक 14.05.2024
3. कार्यालयीन पत्र क्रमांक /स्था./2024-25/2549 बिलासपुर दिनांक 04.12. 2024

विषयान्तर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र क्रमांक 1 के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ है कि आप दिनांक 17.09.2024 से अनाधिकृत रूप से लगातार अपने कर्तव्य से अनुपास्थित है। पूर्व में भी आप 06.02.2022 से 08.04.2024 तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे। उसके बाद दिनांक 09.04.2024 को उपस्थित होकर भविष्य में ऐसा कृत्य मेरे द्वारा दोबारा नहीं करने के संबंध में शपथ पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रस्तुत किया गया था। जिसमें सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुऐ आपकी उपस्थिति मान्य किया गया। उसके बाद भी पुनः आपके द्वारा इसकी पुनरावृति की जा रही है।

अतः क्यों न आपकी अनाधिकृत अनुपस्थिति को सेवा में व्यवधान मानते हुए पेंशन, उपदान आदि समस्त उद्देश्यों के लिये सेवा पुस्तिका में इंद्राज किया जाए ? सेवा में व्यवधान को समस्त प्रयोजन, जिनमें पेंशन संबंधी लाभ भी सम्मिलित है, के लिए आपके तब तक की गई शासकीय सेवा का हरण माना जाएगा। अपना स्पष्टीकरण 07 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करें। अन्यथा आपके विरूद्ध छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 को प्रवधानों के तहत दीर्घशास्ति (सेवा से हटाने अथवा सेवा से पदच्युत करने की शास्ति) प्रस्तावित किया जायेगा।

कृषि यंत्री,
बिलासपुर / सरगुजा संभाग)
बिलासपुर (छ.ग.)

जी 252603788/2


# एसबीआई सहित 38 बैंकों का लाखों ट्रांजेक्शन डेटा लीक!

**नई दिल्ली।** भारत से जुड़ा एक बड़ा डेटा इंटरनेट पर लीक होने की खबर है। जानकारों के अनुसार भारतीय बैंकों के लाखों बैंक ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड इंटरनेट पर उजागर हो गए। यह डेटा एक असुरक्षित अमेजन S3 क्लाउड सर्वर से लीक हुआ। लीक डेटा में खाताधारकों के नाम, बैंक अकाउंट नंबर, ट्रांजैक्शन राशि और संपर्क जानकारी जैसी संवेदनशील जानकारियां शामिल थीं। साइबर सुरक्षा कंपनी अपगॉर्ड ने यह दावा किया है। इस लीक को टेक क्रंच ने रिपोर्ट किया है। इस डेटा लीक को अगस्त महीने के आखिर में 'अपगार्ड' ने खोजा था। रिपोर्ट के अनुसार, डेटा लीक के बारे में तमाम एजेंसियों को बताया गया, लेकिन सितंबर की शुरुआत तक उसे सेफ करने के उपाय नहीं किए गए। आखिर में कंप्यूटर इमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम यानी सीईआरटी-इन को जानकारी दी गई, जिसके बाद डेटा को सुरक्षियत किया गया।





**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 176245/निविदा सूचना क्र. 06/वलेलि/2025-26, छुईखदान दिनांक 24.09.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 15.10.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम - खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के विकासखण्ड खैरागढ़ की लमती फीडर जलाशय योजना की मुख्य नहर के आर.डी. 4650 मी. से आर.डी. 10500 मी. तक निर्माण साथ ही आर.डी. 6480 मी. से 6540 मी. तक क्लोज ट्रफ का निर्माण एवं 07 नग व्ही.आर.बी., 06 नग डी.सी., 04 नग माईनर हेड, 04 नग फाल, 02 नग फाल कम व्ही.आर.बी. एवं कोलाबा फिक्सिंग कार्य।

अनुमानित लागत रु. 836.78 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 01.10.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी 252603742/4



**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
ब्लॉक-4डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
Website-tribal.cg.gov.in Ph.-2263708, Fax-2262558
E mail-ctd.cg@nic.in

**सूचना पत्र**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छात्रावास अधीक्षक श्रेणी 'द' के चयन हेतु दिनांक 15.09.2024 को आयोजित परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाने के फलस्वरुप अभ्यर्थियों के वरीयता के क्रम में दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों की सूची विभाग के वेबसाइट www.cgtribal.gov.in में अपलोड की गई है। सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि वे अपने निम्नलिखित शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक अभिलेख दिनांक 26.09.2025, 29.09.2025 एवं 30.09.2025 से संलग्न सूची में अंकित तिथि अनुसार प्रातः 10 बजे से सायं 05.30 बजे तक कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर छ.ग. संलग्न सूची अनुसार सामान्य स्थापना शाखा-5 में स्वयं उपस्थित होकर उपलब्ध करावें:-

1. व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा का प्रवेश पत्र।
2. व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम की प्रति।
2. हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची।
3. मूल निवास प्रमाण पत्र।
4. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र। आरक्षित वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग का शपथ पत्र।
5. अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का आय प्रमाण पत्र।
6. भूतपूर्व सैनिक का सेवा प्रमाण पत्र ।
7. उपरोक्त दस्तावज के प्रमाणीकरण के संबंध में शपथ पत्र।
8. पासपोर्ट साइज का छायाचित्र (हाल का खीचा हुआ)

सभी अभ्यर्थी मूल दस्तावेज की 02 छायाप्रति स्व प्रमाणित साथ लेकर उपस्थित होंगे।

उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

जी. 252603814/2


### चैतन्यानंद को जमानत नहीं, याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के एक मामले में स्वयंभू धर्मगुरु चैतन्यानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने कहा कि मौजूदा मामले की जांच अभी शुरुआती चरण में है। जांच अधिकारी को धोखाधड़ी, ठगी, साजिश और धन के दुरुपयोग की पूरी श्रृंखला का पता लगाने के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ की जरूरत है। आईओ के अनुसार, आरोपी अपने दिए गए पते पर मौजूद नहीं है और उसका मोबाइल फोन भी बंद है। न्यायाधीश ने आगे कहा कि आरोपों की गंभीरता और अपराध की गंभीरता को देखते हुए यह न्यायालय आरोपी को अग्रिम जमानत देने के पक्ष में नहीं है। इसलिए, वर्तमान जमानत याचिका खारिज की जाती है। स्वयंभू धर्मगुरु पर दिल्ली के एक निजी प्रबंधन संस्थान की 17 छात्राओं का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का भी एक मामला दर्ज किया गया है।




**छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**

(प्रपत्र-अ) प्रथम निविदा ई प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)
Website - www.cgmsc.gov.in
Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

| स. क्र. | नि.आ. सू. क्र. | कार्य का नाम | राशि (रु.लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10470 | जिला कोरबा वि.ख. कटघोरा में 100 बिस्तर सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य। | 1690.82 |
| 2 | 10471 | जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ वि.ख. बरमकेला के सरिया में 100 बिस्तर सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य। | 1689.88 |
| 3 | 10472 | जिला रायगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर का 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन कार्य। | 1689.88 |
| 4 | 10473 | जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 100 बिस्तर जिला चिकित्सालय का निर्माण कार्य। | 1692.61 |
| 5 | 10474 | जिला गरियाबंद में 100 बिस्तरीय नवीन जिला चिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य। | 1646.14 |
| 6 | 10475 | जिला बिलासपुर में नवीन फिजियोथेरेपी महाविद्यालय बिलासपुर का निर्माण कार्य। | 1284.48 |
| 7 | 10476 | जिला दुर्ग में नवीन फिजियोथेरेपी महाविद्यालय दुर्ग का निर्माण कार्य। | 1284.48 |
| 8 | 10477 | जिला रायगढ़ में नवीन फिजियोथेरेपी महाविद्यालय रायगढ़ का निर्माण कार्य। | 1284.48 |
| 9 | 10478 | जिला बस्तर में नवीन फिजियोथेरेपी महाविद्यालय जगदलपुर का निर्माण कार्य। | 1284.48 |
| 10 | 10479 | जिला जशपुर में नवीन फिजियोथेरेपी महाविद्यालय जशपुर का निर्माण कार्य। | 1284.48 |
| 11 | 10480 | जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में नवीन फिजियोथेरेपी महाविद्यालय मनेन्द्रगढ का निर्माण कार्य। | 1284.48 |
| 12 | 10481 | जिला जशपुर वि.ख. पत्थलगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतबा का 50 बिस्तरीय अस्पताल में उन्नयन का कार्य। | 400.98 |
| 13 | 10482 | जिला रायपुर अंतर्गत रायपुर में नवीन मानसिक चिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य। | 923.32 |
| 14 | 10483 | जिला रायगढ़ के 100 बिस्तर मातृ-शिशु अस्पताल में नवीन स्टॉफ क्वार्टर भवन का निर्माण कार्य। | 368.37 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 30/09/2025 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 23/10/2025 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रकिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

संवाद-45400 Sd/- अधीक्षण अभियंता



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि: 06/10/2025

| स. क्र. | नि.आ.सू. क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 179/2024-25 दिनांक 23/09/2025 | 176211 (तृतीय आमंत्रण) | जिला-दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड कटेकल्याण में नवीन बालक आश्रम तेलम भवन निर्माण, विद्युतिकरण सहित कार्य की निविदा। | 188.46 |
| 2 | 180/2024-25 दिनांक 23/09/2025 | 176212 (तृतीय आमंत्रण) | जिला-दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड कटेकल्याण में में 50 सीटर बालक आश्रम चिकपाल भवन निर्माण, विद्युतिकरण सहित कार्य की निविदा। | 162.76 |
| 3 | 181/2024-25 दिनांक 23/09/2025 | 176214 (तृतीय आमंत्रण) | उपसंभाग दरभा के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य। | 23.33 |
| 4 | 182/2024-25 दिनांक 23/09/2025 | 176215 (तृतीय आमंत्रण) | उपसंभाग लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू कार्य। | 23.33 |
| 5 | 183/2024-25 दिनांक 23/09/2025 | 176216 (तृतीय आमंत्रण) | उपसंभाग दरभा के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य। | 16.66 |
| 6 | 184/2024-25 दिनांक 23/09/2025 | 176218 (सप्तम आमंत्रण) | जिला-दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड कुआकोण्डा में प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास भवन निर्माण, विद्युतिकरण सहित कार्य की निविदा। | 191.51 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग बस्तर मंडल जगदलपुर

जी. 252603753/1



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 हेतु 03.10.2025 तक एवं सरल क्र. 2 से 3 हेतु दिनांक 08.10.2025 तक एवं सरल क्र. 4 से 7 हेतु दिनांक 14.10.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 306 | संकुल लेमरू वि.ख. करतला जिला कोरबा अंतर्गत रेसिडेन्शियल हॉस्टल का निर्माण कार्य। तृतीय आमंत्रण। कोरबा संभाग, कोरबा। मद संख्या 8443 जमा मद | 37.22 |
| 2 | 307 | जिला परिवहन कार्यालय जांजगीर-चांपा परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य लं. 450 मी.। द्वितीय आमंत्रण। चांपा संभाग, चांपा। मद संख्या- 67-4059-5600 | 28.92 |
| 3 | 308 | रायगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत कार्य। द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग, रायगढ़। मद संख्या 67-2059-6519 | 30.00 |
| 4 | 309 | केन्द्रीय जेल बिलासपुर में वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष, कल्याण विधि कार्यालय एवं वकील मुलाकात कक्ष निर्माण कार्य एवं केन्द्रीय जेल बिलासपुर में महिला प्रकोष्ठ मुलाकात कक्ष शेड हॉल आदि निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं.-1 बिलासपुर। मद संख्या-67-4059-8040 | 17.17 |
| 5 | 310 | जिला बिलासपुर विकासखण्ड तखतपुर के दर्री (विजयपुर) में हाई स्कूल का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं.-2 बिलासपुर। मद संख्या-67-4202-3490 | 68.31 |
| 6 | 311 | जिला बिलासपुर विकासखण्ड तखतपुर के ग्राम मोछ में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र.-2 बिलासपुर। मद संख्या -67-4202-3490 | 120.33 |
| 7 | 312 | जिला रायगढ़ के बेलरिया से कांटापाली मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी.। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग, रायगढ़। मद संख्या 24-5054-1222 | 121.12 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी. 252603808/3

# फ्रांस के आसमान में फटे क्षुद्रग्रह को लेकर बड़ा खुलासा, सताने लगी पृथ्वी के सुरक्षा की चिंता

पेरिस। वर्ष 2023 में फ्रांस के आसमान में एक क्षुद्रग्रह में भयंकर विस्फोट हुआ था। इसके बाद यह क्षुद्रग्रह आग के गोले में बल गया था। अब इस क्षुद्रग्रह के अध्ययन में जुटे वैज्ञानिकों ने बड़ा खुलासा किया है। इसका नाम क्षुद्रग्रह 2023सीएक्स1 दिया गया है। क्षुद्रग्रह 2023 सीएक्स1 लगभग 28 किलोमीटर की ऊंचाई पर टूटकर बिखर गया था। इसके बाद उत्तरी फ्रांस के ऊपर इसके टुकड़े तेज रोशनी करते हुए आसमान में फैल गए थे।

## क्षुद्रग्रह 2023 सीएक्स1 को लेकर क्या खुलासा हुआ

नासा के एम्स रिसर्च सेंटर की गणना के अनुसार, उल्कापिंड ने 4 मेगापास्कल का गतिशील दबाव छोड़ा, जिससे इस विशेष आकार के क्षुद्रग्रह के लिए अपेक्षा से लगभग चार गुना बड़ा उच्च दबाव का क्षेत्र बन गया। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे जमीनी स्तर पर क्षति का जोखिम बहुत बढ़ गया था। क्योंकि, विस्फोट वायुमंडल में बहुत नीचे हुआ था। नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने हमारे ग्रह की क्षुद्रग्रह सुरक्षा में एक नई कमजोरी का खुलासा किया है।



## क्षुद्रग्रह 2023 सीएक्स1 कैसे फटा था

वैज्ञानिकों का मानना है कि यह एक क्षुद्रग्रह के लिए असामान्य व्यवहार है, जो आमतौर पर बहुत पहले टूटना शुरू कर देता है और छोटे-छोटे टुकड़ों में पृथ्वी के वायुमंडल में गिर जाता है। इसके बजाय 2023 सीएक्स1 आखिरी क्षण तक एक साथ टिका रहा, और एक ही विस्फोट में अपनी कुल ऊर्जा का 98 प्रतिशत छोड़ दिया, जिससे यह आग का गोला बन गया।

## क्षुद्रग्रह क्या है?

क्षुद्रग्रह मूल रूप चट्टान का एक टुकड़ा होता है जो सौर मंडल के प्रारंभिक निर्माण काल का है। क्षुद्रग्रह आमतौर पर मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह पट्टी में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। हालांकि, वे पृथ्वी के नजदीक भी भटक कर आ सकते हैं। जब कोई क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, तो वह उल्का बन जाता है, जिसे उल्कापिंड भी कहा जाता है। जब क्षुद्रग्रह या उल्का का कोई टुकड़ा सतह पर पहुंचता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है।



## पृथ्वी के लिए बढ़ा हुआ खतरा

क्षुद्रग्रह 2023 सीएक्स1 ने सौभाग्य से पृथ्वी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया, लेकिन अगर इसका आकार बड़ा होता और वह देरी से विस्फोट का ऐसा ही व्यवहार करता, तो उसका प्रभाव बहुत अलग हो सकता था। कनाडा के वेस्टर्न ओंटारियो विश्वविद्यालय में शोध करने वाली ऑरियन एगल ने उल्कापिंड की तुलना एक बम से की और बताया। उन्होंने कहा कि अगर कोई बड़ा क्षुद्रग्रह अपनी सारी ऊर्जा एक ही विस्फोट में छोड़ देता, तो हमारे वायुमंडल की सतह पर लगने वाला झटका काफी ज्यादा शक्तिशाली होता। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह का विखंडन ज्यादा खतरनाक है। अगर वह एक बड़ा क्षुद्रग्रह है, तो उसके प्रभाव और भी बढ़ जाएंगे।

---

**आपदा**

# फटेगी कैलिफोर्निया की धरती, साइंटिस्ट ने दी आने वाली तबाही की चेतावनी

**सुपरशियर भूकंप सामान्य भूकंपों की तुलना में ज्यादा जोरदार और बड़े क्षेत्र में महसूस होते हैं**

**न्यूयार्क।** अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्टेट कैलिफोर्निया सोमवार को 4.3 तीव्रता वाले भूकंप से हिल गया। कई लोग सोशल मीडिया पर अपने एक्सपीरियंस को शेयर भी किया। ये भूकंप रात लगभग 3 बजे आया। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप का केंद्र बर्कले से दो मील से भी कम दूरी पर था। यह झटका सैन फ्रांसिस्को और सैन होजे तक महसूस किया गया। सैन फ्रांसिस्को फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि अभी तक कोई नुकसान या चोट की खबर नहीं है।



## जमीन के नीचे डबल स्ट्राइक

यह भूकंप हायवर्ड फॉल्ट लाइन के पास आया, जो ऑकलैंड और फ्रेमोंट जैसे कई बड़े शहरों से होकर गुजरती है। साइंटिस्ट से आने वाले बड़े खतरे की चेतावनी मान रहे हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि कैलिफोर्निया में सुपरशियर भूकंप आ सकता है। ये भूकंप इतने तेज चलते हैं कि अपनी ही भूकंपीय लहरों से आगे निकल जाते हैं। यूएससी डॉर्नसाइफ के वैज्ञानिकों ने कहा है कि सुपरशियर भूकंप सामान्य भूकंपों की तुलना में ज्यादा जोरदार और बड़े क्षेत्र में महसूस होते हैं।

वैज्ञानिकों ने सुपरशियर भूकंप की तुलना सॉनिक बूम (ध्वनि की तेज आवाज) से की है। भू-विज्ञान के प्रोफेसर अहमद एलबाना के अनुसार, सुपरशियर भूकंप जमीन में तेज झटकों को जन्म देते हैं, क्योंकि ये भूकंपीय लहरों की गति से भी तेज होते हैं। अहमद कहते हैं कि सुपरशियर भूकंप एक 'डबल स्ट्राइक' देते हैं। यानी कि पहले जोरदार झटका आता है और फिर उसके बाद लगातार लहरें आती हैं।



## 7 तीव्रता के भूकंप आने की संभावना

यहूदा बें-जिओन ने कहा कि हम नहीं बता सकते कि अगला भूकंप कब और कहां होगा या वह सुपरशियर होगा या नहीं, लेकिन निश्चित रूप से आने वाले दशकों में कैलिफोर्निया में कई 7 तीव्रता के भूकंप आएंगे।

## तैयारी अभी से शुरू करना जरूरी

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अभी तक के बिल्डिंग नियम सुपरशियर भूकंप के खतरों का सही अंदाजा नहीं लगा पाते। ऐसे में तैयारी के लिए वैज्ञानिक चाहते हैं कि बड़े फॉल्ट के पास ज्यादा मॉनिटरिंग हो, सुपरशियर भूकंप की संभावना पर कंप्यूटर सिमुलेशन बनाएं जाएं और बिल्डिंग नियम और भी सख्त किए जाए।

# अमेरिकी महिला का ऐसा हुआ इलाज करने लगी भारत की तारीफ!

**न्यूयार्क।** आजकल सोशल मीडिया पर भारत में रहने वाले विदेशी लोग अपने अनुभव अक्सर शेयर करते रहते हैं। कुछ लोग यहां की संस्कृति, भोजन और रहन-सहन की बातें करते हैं तो कुछ लोग भारत की स्वास्थ्य सुविधाओं पर अपने विचार रखते हैं। हाल ही में एक अमेरिकी महिला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भारत के अस्पताल में हुए एक अनुभव को साझा किया, जिसने लाखों लोगों का ध्यान खींच लिया।. इस अनुभव को उन्होंने 'क्रेजी' बताया और कहा कि अमेरिका में ऐसा होना नामुमकिन है। अमेरिका की रहने वाली क्रिस्टन फिशर पिछले चार साल से भारत में रह रही हैं। उन्होंने हाल ही में अपने पर एक रील शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया- मैं सब्जी काट रही थी और उसी समय गलती से मेरा अंगूठा कट गया। खून काफी बह रहा था और मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या करूं। फिर मैं साइकिल पर बैठकर पास के अस्पताल पहुंची। वहां करीब 45 मिनट रही। डॉक्टर ने चेक किया और बताया कि टांके लगाने की जरूरत नहीं है।

---

# 30 घंटे में उधना से ब्रह्मपुर का सफर, रात 12.35 को रायपुर पहुंचेगी अमृत भारत

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

ओडिशा के ब्रह्मपुर से गुजरात के उधना के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों की सूची में शामिल हो जाएगी। जोन से गुजरने वाली पहली अमृत भारत ट्रेन का स्टॉपेज रायपुर, दुर्ग व गोंदिया स्टेशनों पर दिया गया है। इससे क्षेत्र के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए सीधी और सुगम सुविधा उपलब्ध होगी। बता दें कि यह नयी ट्रेन ओडिशा से गुजरात तक सीधी लंबी दूरी की कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी और पूर्वी, मध्य तथा पश्चिम भारत के कई महत्वपूर्ण जिलों और शहरों को जोड़ेगी।




यह है ट्रेन का स्टॉपेज- इस गाड़ी के वाणिज्यिक ठहराव बारडोली, व्यारा, नवापुर, नंदुरबार, डोंडिचा, सिंधखेड़ा, अमलनेर, धारंगांव, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बड़नेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, रायपुर, लक्ष्मण, खरियार रोड, कांटाभांजी, टिटलागढ़, केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायरंगपुर, पार्वतीपुरम, बोबीली, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड तथा पलासा स्टेशनों पर दिए गए हैं।

## पहले दिन शुभारंभ, स्पेशल के रूप में चलेगी

शुभारंभ के अवसर पर इस गाड़ी का परिचालन स्पेशल समय-सारणी के अनुसार दोनों ओर से किया जाएगा। 09021 उधना–ब्रम्हपुर शुभारंभ स्पेशल एक्सप्रेस कल दिनांक 27 सितंबर 2025 को प्रातः 10.50 बजे उधना से रवाना होकर मध्य रात्रि 01.20 बजे गोंदिया, 03.33 बजे दुर्ग तथा 04.15 बजे रायपुर स्टेशन होते हुए अगले दिन सायं 17.35 बजे ब्रम्हपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार 09022 ब्रम्हपुर–उधना शुभारंभ स्पेशल एक्सप्रेस कल दिनांक 27 सितंबर 2025 को दोपहर 12.00 बजे ब्रम्हपुर से प्रस्थान कर रायपुर मध्य रात्रि 02.20 बजे, 03.15 बजे दुर्ग तथा 05.25 बजे गोंदिया स्टेशन होते हुए उसी दिन रात्रि 21.00 बजे उधना पहुंचेगी।

## 5 अक्टूबर से नियमित चलेगी अमृतभारत

इस गाड़ी का नियमित परिचालन 5 अक्टूबर 2025 से उधना से तथा 6 अक्टूबर 2025 से ब्रम्हपुर से प्रारंभ होगा । 19021 उधना–ब्रम्हपुर अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार को प्रातः 07.10 बजे उधना से प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 13.55 बजे ब्रम्हपुर पहुंचेगी। यह गाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया स्टेशन पर आगमन रात्रि 21.40 बजे प्रस्थान 21.45 बजे, दुर्ग स्टेशन पर आगमन रात्रि 23.53 बजे प्रस्थान 23.58 बजे तथा रायपुर स्टेशन पर आगमन मध्य रात्रि 00.35 बजे प्रस्थान 00.45 बजे होते हुए गंतव्य को प्रस्थान करेगी ।

एन पी सी सी NPCC
NATIONAL PROJECTS CONSTRUCTION CORPORATION LIMITED
(A Government of India Enterprise)
CHHATTISGARH ZONAL OFFICE- P4A/704, Sector-27, Atal Nagar Nava Raipur, Chhattisgarh. - 492018, Website: www.npcc.gov.in
NIT No. 731003/SECR/25-26/LC-283-284/604 Date:26.09.2025
E-TENDER NOTICE
NPCC invites online E-Tender for the works of Construction of LHS in lieu of L.C. No. 284 & ROB in lieu of L.C. No. 283 on BILASPUR-JHARSUGUDA sections under S.E.C. Railway, Bilaspur Division (Risk and Cost). The tender details will be available on website https://eprocure.gov.in /for details and terms and conditions visit our official website www.npcc.gov.in
Tender submission start date 26.09.2025
Tender submission end date 24.10.2025
Zonal Manager, Chhattisgarh Zone

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (CIN:U40108CT2003SGC15822) (GSTIN-22AADCC6047K1ZR)
कार्यालय मुख्य अभियंता (सिविल–डिस्ट्रीब्यूशन) सी–1, सी–2 पॉवर कंपनी परिसर, डंगनिया, रायपुर (छ.ग.) – 492013
दूरभाश : 0771-2574626वेबसाइट : www.cspdcl.co.in ई–मेल आई डी : cecivilcspdcl@cspc.co.in
कमांक : 04–03/ सिविल-डिस्ट्री/कार्य/1456 रायपुर, दिनांक 16.09.2025
ई–निविदा सूचना
सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्रं. | निविदा विशेषीकरण कमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत जीएसटी सहित (रूपए लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि जीएसटी सहित | कार्यपूर्णता अवधि | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | Contractor's eligibility |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/D/ W/25-26/56 | Construction Of Office Building, 03 Bay Shed, Transformer Testing Lab, Boundary Wall, RCC Road With Drain & Crossing, RCC Underground Water Storage Tank, RCC Underground Oil Storage Tank, RCC Firewall, Borewell With Pump Set, Fire Fightening Arrangement, Filling/Levelling And Interlocking Paver block Flooring Work in The Store Depot Premises at Mana, Raipur (C.G.) | 2.24 Crore | Rs.224000/- | Rs.5000/- | 09 (Nine ) months | 13.10.25 Up to 13:00 Hrs. | 13.10.25 13:15 Hrs. onwards | A-V as per eligibility Criteria |

1. उक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.Cspdcl.co.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।
2. शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण/समयवृद्धि की जानकारी कंपनी के ऊपर उल्लेखित वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचनापटल पर देखी जा सकती है।
अति. मुख्य अभियंता (सिविल)
कार्या. मुख्य अभियंता (सिविल) छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि.,रायपुर
राष्ट्र हित में उर्जा बचाये



## खबर संक्षेप

### एआई का नाम लेकर कांग्रेस फैला रही भ्रमः मार्कंडेय

रायपुर। भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय ने कहा कि एआई आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का नाम लेकर कांग्रेस केवल भ्रम फैला रही है और अपनी विधायक को भ्रष्टाचार के मामले में बचा रही है। दीपक बैज को इस मामले में सत्य को स्वीकारते हुए एफआईआर करवानी चाहिए, लेकिन कांग्रेस केवल इस मामले में पर्दा डालने के लिए एआई वॉइस की बात कहकर अपनी महिला विधायक शेषराज हरबंश को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

### भूपेश के खिलाफ टिप्पणी पर पार्षद साहू को नोटिस

रायपुर। कांग्रेस पार्टी ने पार्षद संदीप साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है। साथ ही चार अन्य पार्षदों को भी नोटिस भेजा गया है। सभी को तीन दिन के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। यह नोटिस शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि संदीप साहू शहर जिला कांग्रेस कमेटी के किसी भी कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

### भारी बारिश से फसल को नुकसान, दें मुआवजाः धनेंद्र

रायपुर। रायपुर जिले में अत्यधिक बारिश से धान की फसल को नुकसान हुआ है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे करवाकर किसानों को नुकसान का मुआवजा दिया जाए। एक बयान में श्री साहू ने कहा है, रायपुर जिले में हुई हालिया अत्यधिक वर्षा ने किसानों की मेहनत पर गहरा संकट खड़ा कर दिया है। जिले के प्रायः समस्त ग्रामों में खड़ी धान की फसल जो अगली किस्म की थी, जो लगभग पकने के करीब आ रही थी, वह सब पानी की अतिवृष्टि के कारण गिरकर भीग गई है। पानी में भीगने के कारण सड़ रही है।

### आर्ट ऑफ़ लिविंग का विशेष नवरात्रि पूजा 28 से

रायपुर। आर्ट ऑफ लिविंग का विशेष नवरात्रि पूजन 28 से 30 सितंबर से प्रारंभ होगा। यह कार्यक्रम गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के आशीवार्द से राज्य के दो महत्वपूर्ण स्थानों रायपुर और बिलासपुर में छत्तीसगढ़ आर्ट ऑफ़ लिविंग बैंगलोर के संयुक्त तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम रायपुर में ग्रेसियस कॉलेज, राजिम रोड अभनपुर जिला में बैंगलोर से आए वेद पंडितों और स्वामीजी के माध्यम से किया जाएगा।

# थोक में तुरंत राहत, चिल्हर में पुराने स्टॉक का रोना, हफ्तेभर में बदल सकते हैं हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जीएसटी के स्लैब में बदलाव के ज्यादातर सामान में फायदा मिलने लगा है, लेकिन रोजमर्रा के किराना और डेली नीड्स के बहुत से सामान में चिल्हर में इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में यह बात सामने आ रही है कि थोक कारोबारियों ने तो तत्काल 22 सितंबर से ही नए स्लैब के हिसाब से सामान बेचना प्रारंभ कर दिया है, भले इनके पास स्टॉक पुराना है, लेकिन चिल्हर कारोबारियों के पास जो पुराना स्टॉक है, उसको नए स्लैब के हिसाब से कम दाम पर नहीं बेचा जा रहा है। इसके पीछे का कारण यह बताया जा रहा है कि थोक कारोबारियों को तो इनपुट क्रेडिट मिल जाता है, लेकिन उन छोटे चिल्हर कारोबारियों को इनपुट क्रेडिट नहीं मिलता है जिनका टर्नओवर 25 लाख से कम का है। यही वजह है कि जब चिल्हर कारोबारियों का पुराना स्टॉक समाप्त नहीं होगा, ग्राहकों को लाभ नहीं मिल सकेगा। शहरों में तो करीब एक सप्ताह में पुराना स्टॉक समाप्त होने पर लाभ मिलने लगेंगे, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिनों से ज्यादा समय लग सकता है। केंद्र सरकार ने जीएसटी के स्लैब में बदलाव करके उसको चार के स्थान पर दो कर दिया है। ऐसे में अब सिर्फ पांच और 18 फीसदी वाले स्लैब ही रह गए हैं। आम उपभोक्ताओं के उपयोग वाले डेली के कई सामानों में 12 और 18 फीसदी के जीएसटी को कम करके पांच फीसदी कर दिया गया है। इसी तरह से 28 फीसदी वाले स्लैब को 18 फीसदी किया गया है। नए स्लैब 22 सितंबर से लागू किए गए हैं।

- थोक कारोबारियों को मिलता इनपुट क्रेडिट, चिल्हर कारोबारियों को नहीं, इसलिए परेशानी




#### इनपुट क्रेडिट न मिलने से परेशानी

चिल्हर दुकानदारों को जिनका टर्नओवर 25 लाख से कम है, इनपुट क्रेडिट नहीं मिलता है, इसलिए उनके लिए पुराने स्टॉक को कम स्लैब वाले जीएसटी के हिसाब से बेचना संभव नहीं है। उनके स्टॉक के समाप्त होने तक कुछ दिनों की परेशानी रहेगी, इसके बाद सब सामान्य हो जाएगा।

\- प्रेम पाहुजा
अध्यक्ष, डूमरतराई थोक बाजार

#### चिल्हर में नहीं मिल रहा लाभ

रोज के उपयोग वाले जिन भी सामान जैसे साबुन, शैपू, टूथपेस्ट, नूडल्स, घी, पनीर, ट्रेटा पैक दूध, नमकीन, भुजिया सेव, सॉस, पास्ता, चॉकलेट, काफी आदि अब पांच फीसदी जीएसटी कर दिया गया है। लगातार ग्राहकों की यह शिकायत मिल रही है कि उनको कम जीएसटी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन सामानों की खरीदारी ग्राहक चिल्हर दुकानों से करते हैं। हरिभूमि की पड़ताल में यह बात सामने आई है कि किराना और डेली नीड्स दुकानदार कम जीएसटी के दाम पर सामान इसलिए नहीं बेच रहे हैं क्योंकि उनके पास जो सामान है, वो सब 22 सितंबर से पहले का खरीदा हुआ है। इन सामानों पर वे पहले ही थोक कारोबारियों को 12 या 18 फीसदी के हिसाब से जीएसटी का भुगतान कर चुके हैं। अब इनकी परेशानी यह है कि इनको इनपुट क्रेडिट नहीं मिलता है, इसलिए इनका पुराने स्टॉक के सामानों को कम कीमत पर बेचना संभव नहीं है। चिल्हर कारोबारी कहते हैं, जब नया स्टॉक आएगा, तो केंद्र सरकार के आदेश के मुताबिक वे भी कम दाम पर ही बेचेंगे।

#### थोक बाजार में तत्काल लागू

राजधानी के सबसे बड़े थोक डूमतरई बाजार में 22 सितंबर से ही जीएसटी के नए स्लैब के हिसाब से सामान बेचे जा रहे हैं। डूमरतराई थोक बाजार के अध्यक्ष प्रेम पाहुजा का कहना है कि थोक कारोबारी चाहेंगे तो भी अपना स्टॉक पुराने जीएसटी के स्लैब पर नहीं बेच सकते हैं। यह जिस किसी भी ऐसे सामान का बिल बनाएंगे जिस पर पहले 12 फीसदी जीएसटी थी और अब पांच फीसदी हो गई है तो अगर ये पुरानी जीएसटी से पैसे लेंगे तो उनका बिल जीएसटी के पोर्टल में रद्द हो जाएगा। उसको मंजूर ही नहीं किया जाएगा। थोक कारोबारियों को पुराने स्टॉक पर इनपुट क्रेडिट मिल जाएगा।

#### दुकानदारों का दोहरा मापदंड

चिल्हर कारोबारी भले इस बात की दुहाई दे रहे हैं कि उनके पास पुराना स्टॉक होने के कारण वे कम स्लैब वाले जीएसटी के हिसाब से कैसे सामान बेच सकते हैं, लेकिन यही कारोबारी जिन तंबाकू के उत्पाद में अब 40 फीसदी जीएसटी हो गया है, उनको बढ़े दाम पर बेच रहे हैं। ग्राहक इसको लेकर कहते हैं कि यह तो दुकानदारों का मुनाफाखोरी का दोहरा मापदंड है।

# मेडिकल कालेज रिश्वतकांड में चार्जशीट, हवाला के जरिए पहुंचा 55 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रावतपुरा मेडिकल कॉलेज की मान्यता के लिए 55 लाख रुपए रिश्वत देने के मामले में सीबीआई ने पूर्व में जिन छह लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया है। चालान में मान्यता दिलाने किस तरह से रिश्वत की रकम पहुंचाई गई, इसका विवरण दिया गया है। सीबीआई ने रिश्वत मामले का भंडाफोड़ संबंधितों के मोबाइल सर्विलांस के माध्यम से किया है।

चार्जशीट के अनुसार सीबीआई को इंटरसेप्टेड रिकॉर्डेड कॉल आईडी के माध्यम से पता चला कि संस्थान के डायरेक्टर अतुल कुमार तिवारी ने मेडिकल कालेज को मान्यता दिलाने डीपी सिंह से बात की है।

डीपी ने अतुल को आश्वासन दिया था कि वो अपने सूत्रों के माध्यम से संपर्क कर उनका काम करवा देंगे। मूल्यांकनकर्ताओं में एक तेलंगाना तथा तीन के कर्नाटका के होने की जानकारी दी थी। इसके बाद बाबू (मयूर रावल) को 30 लाख रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहा गया था।

#### रकम पहुंचाने ऐसे किया इंतजाम

सीबीआई जांच में पता चला है कि अतुल रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के पूर्व ट्रस्टी मनोज कुमार अग्रवाल के माध्यम से हवाला के माध्यम से सतीशा को डॉ. मंजप्पा और डॉ. चैत्रा एमएस के लिए 55 लाख रुपए रिश्वत की रकम पहुंचाने का इंतजाम किया। मनोज कुमार की ओर से रोशन नाम के एक व्यक्ति ने भोपाल में जतिन पटेल से संपर्क किया और उन्हें दस रुपए के नोट, जिसे मूल रूप से सतीशा ने अतुल के साथ साझा किया था, जिसे रवि ने आगे रवि प्रकाश को दिया था, उसे दिया। इसके बाद जतिन पटेल ने नोट का विवरण रायपुर स्थित हवाला ऑपरेटर जतिन प्रजापति को दिया। इसके बाद, जतिन प्रजापति ने 55 लाख रुपए मूल्यांकनकर्ताओं तक पहुंचाने की व्यवस्था की।

#### एक मूल्यांकनकर्ता पैसे लेने तैयार नहीं था

चार्जशीट के मुताबिक अतुल ने रविशंकर महाराज को जानकारी दी थी कि कालेज को मान्यता देने आने वाले चार लोगों में से एक डॉ. मंजप्पा सीएन रकम लेने तैयार नहीं है। इसके बाद प्रबंधन ने अतुल को डॉ. मंजप्पा का प्रबंध करने आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने अतुल को मूल्यांकनर्ताओं को उनकी मांग के अनुरूप सब कुछ प्रदान करने कहा। उन दोनों के बीच मोबाइल में बातचीत का विवरण चालान की कॉपी में उल्लेख है।

# पं. दीनदयाल ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी : सीएम साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्मृति मंदिर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। उनकी विचारधारा एकात्म मानववाद आज भी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास और उत्थान की प्रेरणा देती है। उनका संपूर्ण जीवन समर्पण, सादगी और राष्ट्रहित के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों पर चलकर समाजसेवा एवं राष्ट्रसेवा में सक्रिय रूप से योगदान दें। भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, उनका सपना था कि समाज का कोई भी व्यक्ति शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मान की मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलकर अंत्योदय के विचार को मूर्त रूप देने में अपना योगदान देंगे। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, विधायक मोतीलाल साहू, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, अमित साहू, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, आदि मौजूद रहे।

# नवा रायपुर में 10 हजार करोड़ का सेमीकंडक्टर प्लांट 40 लाख के रेट पर 30 एकड़ जमीन देगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर में 10 हजार करोड़ रुपयों की लागत से लगने वाले सेमीकंडक्टर विनिर्माण प्लांट को राज्य सरकार अपनी औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज (बी-स्पोक पैकेज) देने जा रही है। इस प्रोजेक्ट के लिए नवा रायपुर में 30 एकड़ जमीन कंपनी को 40 लाख रुपए प्रति एकड़ के रेट पर दी जाएगी। इस प्रोजेक्ट से करीब 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा, लेकिन साथ ही यह शर्त भी होगी की छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को रोजगार देना होगा। राज्य में यह औद्योगिक विकास वृहद उद्योग की स्थापना इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में निवेश मेसर्स



आर्टीफिशियल इलेक्ट्रानिक्स इंटेलिजेंट मटेरियल लिमिटेड कंपनी कर रही है। सरकार ने इसके लिए विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज (बी स्पोक) जारी किया है। कंपनी ने राज्य में सेमीकन्डक्टर विनिर्माण के लिए 10,000 करोड़ रुपये निवेश एवं 1000 व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजित होना प्रस्तावित किया गया है। इसके अंतर्गत घोषित किए जा रहे पैकेज में राशि रु. 1000 करोड़ के प्रस्तावित निवेश के आधार पर इकाई को नया रायपुर अटल नगर में 30 एकड़ भूमि का आवंटन एवं स्थायी पूंजी निवेश अनुदान एवं विद्युत शूल्क छूट के लिए पात्रता होगी।

#### 30 एकड़ जमीन 40 लाख के रेट पर

कंपनी को भूमि का आवंटन नया रायपुर अटल नगर में रु 40 लाख एकड़ की दर से 30 एकड़ भूमि का आवंटन किया जाएगा।स्थायी पूंजी निवेश अनुदान मान्य स्थायी पूंजी निवेश का 29 प्रतिशत, अधिकतम रु 330 करोड़ वार्षिक, 1000 करोड़ के निवेश के बाद प्रथम उत्पादन दिनांक से 7 समान वार्षिक किश्तों, में वितरित किया जाएगा। विद्युत शुल्क से छूट प्रथम वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक से 12 वर्ष तक विद्युत शुल्क से पूर्ण छूट प्रदान की जाएगी।

# रायपुर नगर निगम को मिला प्रथम पुरस्कार

रायपुर। जल संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर इतिहास रचा है। जल संचय जनभागीदारी 1.0 ( जेएसजेबी) के परिणामों में प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि जल प्रबंधन और जनभागीदारी के संगम का जीवंत उदाहरण है। प्रदेश में अब तक 4,05,563 कार्य पूर्ण कर जल संरक्षण को एक जन-आंदोलन में बदल दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस सफलता पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल-संपदा की नींव है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के क्षेत्र में यह उस सामूहिक चेतना का प्रमाण है, जिसने छत्तीसगढ़ को देश के लिए एक प्रेरणा बना दिया है।

## राशिफल

**मेष** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि

**कर्क** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल विहार योजना अंतर्गत चिल्हाटी बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-97, मूल आबंटी संयुक्त नाम श्री परमानंद निर्णेजक पिता स्व. श्री फेकूराम निर्णेजक को आबंटित है।

भवन का विक्रय विलेख दिनांक 09.05.2019 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्री अयान खान पिता श्री मो. अफजल खान को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय /अर्द्धशासकीय /वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गिरीश कुमार अग्रवाल पिता स्व. नरेंद्र कुमार अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा मन 1 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/2 रकबा 0.8700 हेक्टेयर/2.149 एकड़ तथा सैदा मन 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 61/2 रकबा 0.457 हेक्टेयर 1.13 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/1 रकबा 0.582 हेक्टेयर / 1.44 एकड़ कुल खसरो की संख्या तीन कुल रकबा 1.909 हेक्टेयर / 4.719 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अत: इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01.10.2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

**नवीन कुमार बिसेन**
**अधिवक्ता**
**आनन्द अपार्टमेंट के सामने सांई मंदिर के पास 27 खोली बिलासपुर छ.ग.**
**मो. 9893977620**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025, बिलासपुर, दिनांक 24.09.2025

श्री सौमित्र केशरवानी आत्मज श्री रधुबीर प्रसाद केशरवानी उम्र 32 वर्ष निवासी 33/375 वा क्र.33 यादव मोहल्ला रोड टिकरापारा थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी अनुषा नायक आत्मजा श्री अग्नि कुमार नायक उम्र 30 वर्ष निवासी 22 चंदेला नगर रिंगरोड नंबर 02 थाना सिविल लाईन बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 30.10.2025 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


सौमित्र केशरवानी


अनुषा नायक

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रश्मि अग्रवाल पिता हरी शंकर अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा म.नं.1 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/3 रकबा 0.3840 हेक्टेयर /0.948 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/4 रकबा 0.7370 हेक्टेयर / 1.821 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/5 रकबा 0.4250 हेक्टेयर /1.05 एकड़ खसरा नंबर 70/6 रकबा 0.1820 हेक्टेयर / 0.449 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/7 रकबा 0.2430 हेक्टेयर / 0.60 एकड़ तथा सैदा म.न. 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 60/1 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/2 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/3 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/4 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 61/1 रकबा 0.632 हेक्टेयर/1.56 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/4 रकबा 0.186 हेक्टेयर / 0.46 एकड़ तथा खसरा नंबर 64/1 रकबा 0.353 हेक्टेयर / 0.87 एकड़ तथा खसरा नंबर 67/4 रकबा 0.081 हेक्टेयर /0.20 एकड़ तथा सैदा म.नं. 4 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 11/4 रकबा 0.2020 हेक्टेयर / 0.499 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/1 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/2 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 15/1 रकबा 0.0890 हेक्टेयर / 0.219 एकड़ तथा खसरा नंबर 16/1 रकबा 0.3360 हेक्टेयर /0.830 एकड़ कुल खसरों की संख्या अठारह कुल रकबा 5.000 हेक्टेयर/12.35 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अत: इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय अर्थ शासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01-10-2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

**नवीन कुमार बिसेन (अधिवक्ता)**
आनन्द अपार्टमेन्ट के सामने
साँई मंदिर के पास, 27 खोली, बिलासपुर
(छ.ग.) मो.-9893977620

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग)**

**ईश्तहार/नोटिस/समंस**

क्र./Q/अ.वि.अ/ रीडर-1/2025
तखतपुर दिनांक 26/09/2025
अपील प्रकरण क्रमांक/
अ-23,170-(ख)/ 2022-23

श्रीमती सुनीता पुत्री सोनकुंवर बाई पति चैतुराम, श्री लतेल पुत्र सोनकुंवर पिता चैतुराम निवासी हाल मुकाम - बहतराई समलपुर के पास सकरी तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) विरूद्ध श्री मालिकराम पिता स्व. मंगल वगै.

प्रति, 1. श्री मालिकराम पिता स्व. मंगल
2. श्रीमती सुवासिन बाई पुत्र स्व. मंगल
3. श्री लतेल यादव पिता स्व. मंगल यादव
4. श्रीमती महेतरीन बाई बेवा स्व. मंगल यादव
5. श्रीमती सुशीला बाई बेवा त्रिलोचन यादव
6. श्री विष्णु यादव पिता स्व. त्रिलोचन यादव
7. श्री महेश यादव पिता स्व. त्रिलोचन यादव
8. श्री दिनेश यादव पिता स्व. त्रिलोचन यादव
9. श्री गणेश यादव पिता स्व. त्रिलोचन यादव
10. सभी निवासी ग्राम मोहनभाठा तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
11. श्रीमती निशा अग्रवाल पति ललित अग्रवाल निवासी साकेत अपार्टमेंट अग्रसेन चौक बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

अपीलार्थी सुनीता पुत्री सोनकुंवर पति चैतुराम व लतेल पुत्र सोनकुंवर पिता चैतुराम निवासी ग्राम:- हाल मुकाम बहतराई समलपुर के पास सकरी तहसील सकरी जिला-बिलासपुर, (छ.ग). निवासी द्वारा भूमि ग्राम मोहनभाठा प.ह.न 20 खसरा नंबर 428/2, 429/2, 428/3, 429/3, रकबा 0.11, 0.33, 0.50, 0.50ए. भूमि के संबंध में न्यायालय में धारा 170 (ख) (छ.ग) भू.रा. संहिता इस न्यायालय में अपील आवेदन पेश किया गया है।

अत: एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06/11/2025 को प्रात: 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

## शब्द पहेली - 6001




**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 6000 का हल



## सूडोकू नवताल - 6011

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 6010 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## खबर संक्षेप

### जीके एनर्जी 12 फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा से चलने वाले कृषि जल पंप प्रणाली प्रदाता जीके एनर्जी का शेयर अपने निर्गम मूल्य 153 रुपये से करीब 12 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 7.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 165 रुपये सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसने 11.76 प्रतिशत चढ़कर 171 रुपये पर शुरुआत की।

### सात्विक ग्रीन एनर्जी की बाजार में धीमी शुरुआत

**नई दिल्ली।** सौर पैनल विनिर्माता कंपनी सात्विक ग्रीन एनर्जी के शेयर की शुक्रवार को बाजार में धीमी शुरुआत हुई। बीएसई पर शेयर 465 रुपये के निर्गम मूल्य से 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 460 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। फिसलकर 446.70 रुपये पर आ गया। एनएसई पर इसने 465 रुपये के निर्गम मूल्य के बराबर शुरुआत की।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 39.6 करोड़ डॉलर की गिरावट



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.69 अरब डॉलर बढ़कर 702.97 अरब डॉलर हो गया था। देश का स्वर्ण भंडार 36 करोड़ डॉलर बढ़कर 92.77 अरब डॉलर हो गया।

# ट्रंप के टैरिफ वार से भारत के 10.5 अरब डॉलर के फॉर्मा इंडस्ट्रीज में मची हलचल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद एक ऐसे फैसले ले रहे हैं, जिनसे दुनियाभर में हलचल मच रही है। अब उन्होंने सभी तरह की ब्रांडेड और पेटेंट वाली दवाओं के ऊपर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

- भारत मुख्य रूप से सस्ती जेनेरिक दवाओं का निर्यात करता है

यह टैरिफ तब तक लागू रहेगा, जब तक दवा बनाने वाली कंपनियां अमेरिका के भीतर निर्माण संयंत्र (मैन्युफैक्चरिंग यूनिट) स्थापित नहीं करतीं। राष्ट्रपति ट्रंप का यह कदम ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में ट्रेड एक्सपेंशन एक्ट 1962 की धारा 232 के तहत गहन पड़ताल की गई है। यह धारा राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय बनाकर राष्ट्रपति को टैरिफ बढ़ाने का अधिकार देती है।

## अमेरिका भारतीय दवा निर्यात का सबसे बड़ा बाजार है

### टैरिफ ने वैश्विक फॉर्मा बाजार में मचाई हलचल

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अब निवेशकों को अमेरिकी व्यापार नीति में होने वाले किसी भी बदलाव पर करीबी नजर रखनी होगी, क्योंकि इसका सीधा असर जेनेरिक दवाओं पर पड़ सकता है। ट्रंप के 100 प्रतिशत टैरिफ का तत्काल असर भले ही न दिखे, लेकिन इस ऐलान ने फार्मा सेक्टर को लेकर वैश्विक बाजार में हलचल मचा दी है।

*जेनेरिक पर टैरिफ से पड़ेगा सीधा असर : विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशकों और कंपनियों की नजर अब इस बात पर होगी कि क्या भविष्य में जेनेरिक दवाओं को भी टैरिफ के दायरे में लाया जाएगा। अगर ऐसा हुआ, तो भारत के दवा निर्यात बाजार को सीधा झटका लग सकता है। ट्रंप के दवाओं पर टैरिफ का सीधा असर फार्मा सेक्टर के शेयरों पर देखने को मिला। गुरुवार और शुक्रवार को इन शेयरों में करीब 4 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई और लगभग सभी फार्मा स्टॉक्स रेड जोन में चले गए।*



*जेनेरिक दवाओं पर असर सीमित : ऐसे में जब ट्रंप ने 100 प्रतिशत टैरिफ केवल ब्रांडेड और पेटेंट दवाओं पर लगाया है, तो भारतीय जेनेरिक दवाओं पर इसका असर सीमित रहने की संभावना है। हालांकि, बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि इस कदम से निवेशकों के विश्वास और बाजार की धारणा पर नकारात्मक असर पड़ सकता है*

*भारत के फार्मा पर कितना असर? : अमेरिका भारतीय दवा निर्यात का सबसे बड़ा बाजार है। यह भारत के कुल दवा निर्यात का करीब एक-तिहाई हिस्सा है। यहां भारत मुख्य रूप से सस्ती जेनेरिक दवाओं का निर्यात करता है, जिनकी कीमत ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी कम होती है। वित्त वर्ष 2025 के दौरान भारत ने अमेरिका को करीब 10.5 बिलियन डॉलर मूल्य की दवाओं का निर्यात किया था।*

### कानूनी चुनौती दी गई

धारा 232 के तहत टैरिफ का यह ऐलान उस समय हुआ है जब टैरिफ को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप के अधिकार पर इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। अगर वहां से ट्रंप के खिलाफ फैसला आता है, तो अमेरिका को सभी देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ वापस लेने पड़ सकते हैं।

### इन बड़ी कंपनियों पर असर?

भारत की फार्मा कंपनी जायडस लाइफ की कुल आय का 49 प्रतिशत अमेरिका से आता है। इसी तरह डॉ. रेड्डी की करीब 47 प्रतिशत आया अमेरिका से होती है। आरोबिंदो फार्मा की 44 प्रतिशत आय अमेरिका से आती है। ये कंपनियां सामान्यतः जेनेरिक दवाएं ही अमेरिका को निर्यात करते हैं।

## ट्रंप ने अगले महीने से ब्रांडेड दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाया

# दवाओं पर अमेरिकी शुल्क लगने से शेयर बाजार सहमा; सेंसेक्स 733 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अगले महीने से दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बाद शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में फार्मा एवं आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के चलते बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स में 733 अंक और निफ्टी में 236 अंक का नुकसान रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 733.22 अंक टूटकर तीन सप्ताह के निचले स्तर 80,426.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 827.27 अंक गिरकर 80,332.41 पर आ गया था। निफ्टी भी 236.15 अंक की गिरावट के साथ तीन सप्ताह के निचले स्तर 24,654.70 अंक पर आ गया।

### सप्ताह में सेंसेक्स 3 फीसदी से अधिक टूटा

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का यह लगातार छठा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 2,587.50 अंक यानी 3.16 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है जबकि निफ्टी 768.9 अंक यानी तीन प्रतिशत कमजोर हो चुका है।

### अमेरिका में दवा निर्माण संयंत्र होना जरूरी

*ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, /"एक अक्टूबर, 2025 से हम किसी भी ब्रांडेड या पेटेंट-युक्त दवा उत्पाद पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे, जब तक कि कोई कंपनी अमेरिका में अपना दवा विनिर्माण संयंत्र स्थापित न कर रही हो।/" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दवा विनिर्माण का मतलब 'विनिर्माण कार्य शुरू होने या/और निर्माणाधीन' होने से होगा। इस तरह अगर अमेरिका में दवा विनिर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है तो उसके दवा उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।*

### 3100 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद

*व्यापक बिकवाली के दबाव में सभी क्षेत्रवार सूचकांक गिरकर बंद हुए। दूरसंचार क्षेत्र में सर्वाधिक 2.69 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि केंद्रित आईटी खंड में 2.43 प्रतिशत, आईटी खंड में 2.41 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 2.34 प्रतिशत की सुस्ती रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 3,100 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,041 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे।*

### इन शेयरों में रही गिरावट

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी का रुझान देखा गया।



- बाजार में फार्मा और आईटी शेयरों में रही भारी बिकवाली
- सेंसेक्स के अलावा निफ्टी में 236 अंक का नुकसान रहा

### निवेशकों की धारणा को कमजोर किया

ऑनलाइन कारोबार एवं संपत्ति प्रौद्योगिकी फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, /"ब्रांडेड और पेटेंट वाली दवाओं के आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजारों में व्यापक बिकवाली के कारण भारी गिरावट रही। इस अप्रत्याशित कदम ने पहले से ही कमजोर निवेशकों की धारणा को और खराब करने का काम किया।

### हेल्थकेयर सूचकांक 2.14 फीसदी गिरा

दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले के बाद अधिकांश दवा कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई और बीएसई हेल्थकेयर सूचकांक 2.14 प्रतिशत गिर गया। वॉकहार्ट के शेयरों में 9.4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। लॉरस लैब्स, बायोकॉन, जाइडस लाइफ, ग्लेनमार्क, सन फार्मा और डॉ रेड्डीज के शेयरों में भी गिरावट आई।

### वॉकहार्ट सबसे अधिक टूटा

बीएसई पर वॉकहार्ट लि. के शेयर 9.40 प्रतिशत टूटे। इसके अलावा, इंडोको रेमेडीज के शेयर 5.35 प्रतिशत, जाइडस लाइफसाइंसेज के 4.21 प्रतिशत, ग्लेनमार्क फार्मा के 2.99 प्रतिशत, नैटको फार्मा के 2.65 प्रतिशत, सन फार्मा के 2.55 प्रतिशत, ल्यूपिन के 2.07 प्रतिशत, डॉ. रेड्डीज के 1.73 प्रतिशत और ऑरोबिंदो फार्मा के शेयर 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

# रूस से तेल खरीदने पर कोई प्रतिबंध नहीं : हरदीप पुरी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि रूस से कच्चे तेल की खरीद पर कोई प्रतिबंध नहीं है और आपूर्ति बाधित होने पर दुनिया को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

- आपूर्ति बाधित होने पर गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे
- विश्व स्तर पर कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है रूस

ईरान और वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में हमेशा पाबंदियों का अनुपालन किया है। अमेरिका के भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूस से कच्चा तेल एवं हथियार खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाने के संदर्भ में मंत्री ने यह बा कही। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार नीतियों पर जारी महत्वपूर्ण वार्ता के बीच संवाददाताओं से बातचीत में पुरी ने कहा कि रूस हर दिन करीब एक करोड़ बैरल के साथ विश्व स्तर पर कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

### दुनिया रूसी तेल पर प्रतिबंध नहीं लगा रही

पुरी ने कहा, " ऊर्जा एक ऐसी चीज है जिसके बिना आप नहीं रह सकते...। अगर आप दूसरे सबसे बड़े उत्पादक को हटा देंगे तो आपको खपत में कटौती करनी होगी। इसके परिणाम बेहद गंभीर होंगे।" राजनयिक से राजनेता बने पुरी ने कहा कि यही कारण है कि दुनिया रूसी तेल पर प्रतिबंध नहीं लगा रही है।

# अदाणी को खनन क्षेत्र में हाइड्रोजन ट्रक के उपयोग पर मिला पर्यावरणीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत के खनन क्षेत्र में हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, अदाणी एंटरप्राइजे़ज़ लिमिटेड को सस्टेनेबिलिटी सिम्पोजियम एंड एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 के तीसरे वार्षिक संस्करण में 'जूरी चॉइस लीडरशिप इन क्लाइमेट एक्शन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान बुधवार को इंडिया हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें देशभर की अग्रणी कंपनियों ने अपनी पर्यावरणीय पहलों को प्रस्तुत किया। अदाणी एंटरप्राइजे़ज को यह पुरस्कार भारत में खनन लॉजिस्टिक्स के लिए हाइड्रोजन ट्रक के सफल उपयोग के लिए मिला, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करने और हरित ऊर्जा को अपनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह ट्रक डीज़ल की जगह हाइड्रोजन ईंधन से छत्तीसगढ़ में संचालित है। ट्रक में लगे तीन हाइड्रोजन टैंक की ऊर्जा से वह 40 टन माल को 200 किलोमीटर तक ढोने की क्षमता रखता है जिससे ध्वनि और प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी होती है। इस ट्रक को मई में छत्तीसगढ़ के रायपुर में राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। यह ट्रक गारे पेलमा खदान से पावर प्लांट तक कोयला परिवहन के लिए उपयोग किया जा रहा है। यह परियोजना का संचालन अदाणी इंटरप्राइजेज को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड से निविदा प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हुआ था। अवार्ड की जूरी ने विशेष रूप से इस पहल की तकनीकी नवाचार क्षमता, ऊर्जा दक्षता, और ग्रीन लॉजिस्टिक्स में अदाणी समूह के योगदान की सराहना की। यह पुरस्कार अदाणी एंटरप्राइजे़ज की पर्यावरणीय नेतृत्व और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। उल्लेखनीय है की अदाणी इंटरप्राइजेज खनन क्षेत्र में न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव के साथ मॉडल माइंस विकसित कर रहा हैं। हाइड्रोजन ट्रक के साथ-साथ कंपनी ऑटोनॉमस डोज़र पुश टेक्नोलॉजी, सोलर पावर, डिजिटल इनिशिएटिव्स और ट्री ट्रांसप्लांटर जैसी तकनीकों को भी अपना रहे हैं, ताकि स्थायी खनन की नई मिसाल कायम की जा सके। अदाणी एंटरप्राइज़ेज का उद्देश्य है भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना, पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम करना और स्वच्छ ऊर्जा की ओर देश को अग्रसर करना। कंपनी भविष्य में और हाइड्रोजन ट्रकों को शामिल करने की योजना बना रही है, जिससे लॉजिस्टिक्स का ढांचा और अधिक पर्यावरण-अनुकूल बन सके।






# जीएसटी कटौती से महंगाई कम करने में मिलेगी मदद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल में जीएसटी दरों में की गयी कटौती से अगले साल तक मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी और देश की आर्थिक वृद्धि संभावनाओं को भी बल मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट में हालांकि यह भी चेतावनी दी गई है कि यह समय लापरवाह होने का नहीं है, क्योंकि अनिश्चितताएं और जोखिम अब भी बने हुए हैं। भले ही वर्तमान में ये जोखिम प्रबंधनीय लगते हैं, लेकिन वे मौजूद हैं।वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा कि अगर शुल्क को लेकर अनिश्चितताएं बनी रहीं, तो इसका असर देश के निर्यात क्षेत्रों पर पड़ेगा। इससे घरेलू स्तर पर रोजगार, आय और खपत पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका द्वारा नए एच1बी वीजा आवेदकों पर शुल्क बढ़ाने का निर्णय व्यापारिक अनिश्चितताओं के जोखिमों की याद दिलाता है, जिससे अब तक अप्रभावित सेवाक्षेत्र भी प्रभावित हो रहा है।

# मारुति की इनविक्टो को मिली पांच सितारा रेटिंग

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लि. की प्रीमियम हाइब्रिड यूटिलिटी कार इनविक्टो को वाहन सुरक्षा मानक भारत एनकैप में पांच सितारा सुरक्षा रेटिंग मिली है। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि यह उपलब्धि कंपनी के 5-स्टार भारत एनकैप पोर्टफोलियो को मजबूत करती है। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा, /"सुरक्षा हमेशा से मारुति सुजुकी की गाड़ी बनाने की सोच का एक अहम हिस्सा रही है... भारत एनकैप ने भारत में विश्वस्तरीय परीक्षण प्रोटोकॉल की शुरुआत की है, जिससे ग्राहक सोच-समझकर फैसला ले पाते हैं।/" उन्होंने आगे कहा कि कंपनी 157 संस्करणों में 15 मॉडल में मानक के रूप में छह एयरबैग प्रदान करती है।



**कार्यालय जनपद पंचायत बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

क्रमांक /4933/दुकान नीलामी/ज.पं./2025 बिल्हा दिनांक 25 .09 .2025

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, जनपद पंचायत बिल्हा अंतर्गत ग्राम पंचायत लखराम बाजार स्थल में निर्मित 34 दुकानों का नीलामी दिनांक 13 .10 . 2025 समय 12 .00 बजे से स्थान कार्यालय जनपद पंचायत बिल्हा में किया जाना है। दुकान नीलामी के संबंध में नियम व शर्तें कार्यालय जनपद पंचायत बिल्हा एवं कार्यालय ग्राम पंचायत लखराम में कार्यालयीन समय में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत बिल्हा

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**कम सं (1): ई निविदा संख्याः डीआरएम इंजी. बीएसपी टी -129-25-26, दिनांकः 19.09.2025**
**कार्यः** वरिष्ठ मंडल अभियंता / सेटलमेंट / बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत डीआरएम कॉम्प्लेक्स, कंट्रोल कार्यालय, पुराने जीएम कार्यालय, सीई कार्यालय, शिवनाथ विश्राम गृह, सतपुड़ा क्लब और विश्राम गृह व एसएस नंबर 22 के लिए डेडिकेटेड जल आपूर्ति प्रणाली एवं जीएम / एसईसीआर कार्यालय भवन (फेज-II) के लिए फायर हाइड्रेंट प्रणाली का प्रावधान, **निविदा मूल्य (रु):** 2,03,11,697.56, **अमानत राशि (रु):** 2,51,600.00, **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह, **निविदा जमा की आरंभ तिथीः** दिनांक : 01.10.2025 से, **निविदा जमा की अंतिम तिथीः** दिनांक : 15.10.2025 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओ हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग)/बीएसपी
CPR/10/PR/336 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सिगनलिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः 71- एसटी-टेंडर-2025, दिनांकः 23.09.2025.**
**कार्यः** "बिलासपुर मंडल के विभिन्न स्थानों पर अर्थिंग सुरक्षा में सुधार/ उन्नयन के माध्यम से विश्वसनीयता में सुधार।" **निविदा मूल्यः** ₹ 4,62,36,109.80 (₹ चार करोड़ बासठ लाख छत्तीस हजार एक सौ नौ एवं अस्सी पैसे मात्र)। **अमानत राशिः** ₹ 3,81,200/- (₹ तीन लाख इक्यासी हजार दो सौ मात्र)।
**निविदा जमा होने की तिथिः 15.10.2025 के 15.00** बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

*मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/*
सीपीआर/10/345 (CIC)/बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

# पीएम आज बीएसएनएल की 4जी प्रणाली करेंगे पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 सितंबर को सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल की 'स्वदेशी' 4जी प्रणाली को पेश करेंगे। इसकी शुरुआत के साथ ही भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाले डेनमार्क, स्वीडन, दक्षिण कोरिया, चीन जैसे प्रमुख देशों में शामिल हो जाएगा।




- बीएसएनएल की यह स्वदेशी 4जी प्रणाली होगी
- भारत, चीन, स्वीडन, डेनमार्क जैसे देशों में शामिल

दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को घोषणा की कि यह दूरसंचार क्षेत्र के लिए एक नया युग है। सिंधिया ने कहा कि 27 सितंबर को ओडिशा के झारसुगुड़ा में प्रधानमंत्री 97,500 से अधिक मोबाइल 4जी टावर का उद्घाटन करेंगे। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा स्थापित 92,600 से अधिक मोबाइल साइट स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं। इन्हें 5जी में तब्दील किया जा सकता है। यह एक पूर्णतः स्वदेशी 4जी प्रणाली है। इसमें तेजस नेटवर्क द्वारा विकसित रेडियो एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) शामिल है।

**आम सूचना**

ICICI Bank | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुक्ता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। चूंकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम **08 अक्टूबर, 2025** को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाइन **https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे** अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाइट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्ते लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
| --- | --- |
| शाखा का नाम : बिलासपुर-मंगला चौक | |
| 181462002748 | अजय अरोरा |
| शाखा का नाम : धमतरी | |
| 084062002841 | पदमा बघेल |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
| --- | --- |
| शाखा का नाम : जगदलपुर | |
| 108562012632 | मनीराम नागेश |
| शाखा का नाम : राजनांदगांव | |
| 062405003012 | भावदीप सिंह भाटिया |

दिनांक : 27 .09 .2025
स्थान : बस्तर, बिलासपुर, धमतरी, राजनांदगांव

सही – प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**रांची मंडल के तहत एसएलआर पार्सल वैन के लिए ई-नीलामी**

सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2025, दिनांक: 26.09.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा रांची मंडल के तहत ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। सूचीपत्र पहले की आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। विवरण निम्नानुसार हैः **श्रेणीः** पार्सल। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपार्सल25-2। **सम्पत्ति का विवरणः** रांची मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 21 अदद पैसेंजर/मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के एसएलआर कम्पार्टमेंट पट्टे पर प्रदान करने हेतु 21 अदद सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरूः** 09.10.2025 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीखः** 09.10.2025 को अपराह्न 01.50 बजे। **टिप्पणीः** प्रत्याशित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस की वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। ऊपर उल्लेखित सूचीपत्र के अंतर्गत लॉट वार विवरण उपलब्ध है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा
(PR-675)

**OFFICE OF THE DEPUTY COLLECTOR AND COMPETENT AUTHORITY (NSEL)**

3rd FLOOR, MPID BRANCH, Old Custom House, Mumbai 400 001

**NOTICE FOR ONLINE AUCTION**

Pursuant to the attachment by the Government of Maharashtra under the Maharashtra Protection of Interest of Depositors (in Financial Establishment) Act, 1999 (MPID Act) and the directions of the Hon'ble MPID Court the **Competent Authority** (hereinafter referred to as "CA") has engaged **Quikr Realty Pvt Ltd** (hereinafter referred to as "the Agency") which has been appointed by Government of Maharashtra to assist in the sale of the properties attached and made absolute through e-auction on **"as is where is and whatever there is basis".**

"CA" hereby invites bids from the intending bidders along with a bid deposit as mentioned in the table below as Earnest Money for each of the properties to be paid through NEFT/RTGS for sale of properties:

**Short description of the property: Chhattisgarh**

| S. No. | Location | Address | Area | Reserve Price (in INR) | EMD Deposit (in INR) | Bid Increase Amount (In INR) | Last Date of submission of EMD | Date of Auction |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Chhattisgarh | SOUTHERN ISPAT AND ENERGY LIMITED - 17, 2ND FLOOR, MILLENNIUM PLAZA, BANSTAL ROAD, RAIPUR (C.G) 492001 (Lease Hold Property) | 153 Sq.Ft. | 14,00,000/- | 1,40,000/- | 50,000/- | 27th October 2025 up to 5:00pm | 29th October 2025, 11.00 am to 12.00 pm |

1.The interested bidders who require assistance may contact Quikr Realty Private Limited via e-mail ID: **auctions@quikrrealty.com** or contact no. **+91 9176197676 / +91 9321575329**

2. The sale shall be subject to the orders of MPID Court.

**Place: Mumbai**
**Date: 27th September 2025**

**Deputy Collector and Competent Authority (NSEL) Mumbai**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छत्तीसगढ़ से ओलंपिक ....

भी छत्तीसगढ़ आगमन हुआ था, जहां हमने उनसे खेल अधोसंरचना के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की। विशेषकर ओलंपिक खेलों को लेकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु हमने विशेष तैयारी की है। ओलंपिक खेलों में प्रदेश के स्वर्ण पदक विजेताओं को तीन करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को दो करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं को एक करोड़ रुपये देने का निर्णय लिया गया है। स्वाभाविक रूप से इससे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होगा। राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्ष 2036 में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री ने ओलंपिक खेलों के लिए भारत की मेजबानी का प्रस्ताव रखा है और अहमदाबाद शहर को इसके लिए प्रस्तावित किया गया है। स्वाभाविक रूप से केंद्र सरकार का पूरा ध्यान देश में खेलों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर है, ताकि एक दशक के भीतर हम खेलों के क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में उभर सकें। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में भी हमें राष्ट्रीय स्तर के खेलों के आयोजन हेतु सामूहिक प्रयास करने होंगे।

### नए सीएस के ...

सकते हैं। केंद्र को उन्होंने जनवरी से अपनी उपलब्धता से अवगत करा दिया है। दोनों अफसर केंद्र में सचिव के लिए इम्पैनल्ड हैं।

नए मुख्य सचिव विकासशील यहां 30 सितंबर को निवृतमान सीएस अमिताभ जैन के रिटायरमेंट वाले दिन ही ज्वाइनिंग दे देंगे। ये तय माना जा रहा है कि उनके आने बाद राज्य के वरिष्ठ आईएएस खासकर विकासशील के समकक्ष वरिष्ठता वाले अधिकारी मंत्रालय से बाहर हो सकते हैं। दरअसल राज्य में यह एक परंपरा ही रही है। इसी आधार पर माना जा रहा है कि राज्य में उच्च स्तर पर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हो सकता है। इसी क्रम में बाद में जिलों में कलेक्टरों, जिला पंचायतों के सीईओ की पोस्टिंग में भी विकासशील बदलाव कर सकते हैं।

**ऋचा और पिंगुआ जाएंगे दिल्ली**

उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो एसीएस ऋचा शर्मा और मनोज कुमार पिंगुआ केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जाएंगे। बताया गया है कि ये दोनों अधिकारी पहले ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए इम्पैनल्ड हैं। खास बात ये है कि ये दोनों अधिकारी पूर्व में भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर लंबे समय तक राज्य से बाहर रह चुके हैं। इन अधिकारियों के बारे में माना जाता है कि ये राज्य में मुख्य सचिव पद के दावेदार रहे हैं।

### सुब्रत रहेंगे छग ....

क्रम में पहले नंबर पर होने के कारण मुख्य सचिव पद की स्वाभाविक दावेदार मानी जा रहीं थीं।

### मंत्रालय से बाहर ....

अब ये देखना होगा कि ऋचा शर्मा और मनोज कुमार पिंगुआ के दिल्ली जाने के बाद किन अधिकारियों को मंत्रालय से बाहर इन स्थानों पर पोस्टिंग दी जाती है। यह सब कुछ आने वाले कुछ दिनों में साफ हो जाएगा।

### कस्टम, शराब और ...

शहरों में दर्जनों नए प्रोजेक्ट शुरू करने की ईडी को जानकारी मिली है। इसके अतिरिक्त सुल्तानिया ग्रुप, मीनाक्षी सेल्स का कोयला, सीमेंट, छड़, स्टील और ट्रेडिंग का कारोबार है। उक्त सभी फर्म के संचालकों ने पिछले 5 साल में अपने कारोबार को कई गुना बढ़ा लिया है। साथ ही उनके द्वारा लक्जरी फ्लैट और कमर्शियल कांपलेक्स निर्माण का प्रोजेक्ट शुरू किया गया है।

### जीएसटी कटौती का ....

व्हाट्सऐप नंबर जारी किए हैं। इसके साथ ही पोर्टल भी लांच किया गया है तथा ईमेल से भी ग्राहक शिकायत कर सकते हैं। बता दें कि जीएसटी में कटौती के बाद सरकार ने मूल्य निर्धारण पर सख्त नजर रखी है। सीबीआईसी ने स्पष्ट किया है कि शिकायतें दर्ज कराने पर तुरंत कार्रवाई होगी। वहीं, कंपनियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे जीएसटी में हुई कटौती का लाभ सीधे ग्राहकों तक पहुंचाएं।

शिकायत करने पर क्या होता है?

त्वरित कार्रवाई शुरू : जैसे ही आप शिकायत दर्ज कराते हैं, उस पर त्वरित कार्रवाई शुरू हो जाती है। दोषी व्यापारी या कंपनी पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होती है। इससे आपको न्याय मिलेगा और अन्य व्यापारियों के लिए भी यह संदेश जाता है कि नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी।

### केन्द्रीय कमेटी मेंबर ...

बाद सुप्रीमकोर्ट ने इस मामले में हाईकोर्ट के निर्णय का पालन करने निर्देश दिया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ पुलिस को निर्देश दिया कि नारायणपुर जिले में 22 सितंबर को कथित फर्जी मुठभेड़ में मारे गए शीर्ष माओवादी कमांडर कट्टा रामचंद्र रेड्डी के शव को संरक्षित किया जाए। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने आदेश दिया कि जब तक छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट याचिका पर फैसला नहीं लेता तब तक शव को न तो दफनाया जाए और न ही जलाया जाए। साथ ही कोर्ट ने हाईकोर्ट से अनुरोध किया कि वह दुर्गा पूजा अवकाश के बाद मामले की तत्काल सुनवाई करे, कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह सभी दावों को खुला रख रहा है और आरोपों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहा है। यह याचिका मृतक के बेटे राजा चंद्रा ने वकील सत्य मित्रा के माध्यम से दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंसाल्वेस ने तर्क दिया कि उनके पिता को यातना देकर फर्जी मुठभेड़ में मारा गया और पुलिस शव को जल्दबाजी में ठिकाने लगाने की कोशिश कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले तक शव को संरक्षित रखने का निर्देश दिया है

छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि मुठभेड़ में दो माओवादी कट्टा रामचंद्र रेड्डी और कदारी सत्यनारायण रेड्डी मारे गए थे। उन्होंने कहा कि कट्टा रामचंद्र रेड्डी पर सात राज्यों द्वारा 7 करोड़ रुपए का ईनाम घोषित था। तुषार मेहता ने पीठ को सूचित किया कि दूसरे मृत माओवादी का शव उनके परिवार को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया, लेकिन रेड्डी का शव अभी भी अस्पताल में है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पोस्टमॉर्टम की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई थी। जिससे पुलिस पर कोई दुर्भावना का आरोप लगाने की गुंजाइश नहीं है। पीठ ने नोट किया कि याचिकाकर्ता ने पहले छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का रुख किया था, लेकिन कोर्ट के अवकाश के कारण मामले की तत्काल सुनवाई नहीं हो सकी। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अंतरिम राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिका का निपटारा करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले तक शव को संरक्षित रखने का निर्देश दिया है।

न्यायालयों के निर्धारित नियमों और निदेर्शों का किया गया पालन

प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के विरुद्ध चल रही नक्सल विरोधी कार्रवाई पूरी तरह से कानून और संविधान के दायरे में की जा रही है। इस प्रक्रिया के दौरान हमने हमेशा देश की माननीय न्यायालयों और अन्य संवैधानिक संस्थाओं द्वारा निर्धारित नियमों और निदेर्शों का पालन किया है और आगे भी पूरे सम्मान एवं निष्ठा के साथ करते रहेंगे।

सुंदरराज पी, आईजी, बस्तर

# पति को 'पालतू चूहा' कहना मानसिक क्रूरता, माता-पिता से अलग रहने कहती थी पत्नी, तलाक बरकरार

**हाईकोर्ट का आदेश - बेटे के लिए देना होगा गुजारा भत्ता**



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पति को पालतू चूहा कहना मानसिक क्रूरता माना है। दरअसल, शादी के 10 साल बाद पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि तलाक लेने की नौबत आ गई। परेशान पति ने कोर्ट को बताया कि पत्नी उसे अपने माता-पिता से अलग रहने कहती थी और उसे पालतू चूहा कहती थी। निचली अदालत ने पति के आरोपों को सही मानते हुए तलाक का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने भी पति के लगाए गए क्रूरता और परित्याग के आरोपों को सही ठहराते हुए तलाक को बरकरार रखा है। साथ ही पत्नी की अपील खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने आदेश में कहा है कि भारतीय संयुक्त परिवार की व्यवस्था में पति को माता-पिता से अलग करने की जिद करना मानसिक क्रूरता है। हालांकि, कोर्ट ने बेटे के पालन-पोषण के लिए हर महीने 6 हजार गुजार भत्ता देने के आदेश दिए हैं। याचिका के मुताबिक रायपुर के रहने वाले दंपती की 28 जून 2009 को शादी हुई थी। 5 जून 2010 को उनका एक बेटा हुआ। कुछ समय बाद ही दोनों के रिश्ते में खटास आ गई। पति ने अपनी पत्नी पर क्रूरता और परित्याग के आरोप लगाते हुए फैमिली कोर्ट रायपुर में तलाक के लिए याचिका लगाई। जहां 23 अगस्त 2019 को दोनों का तलाक मंजूर हुआ।

# ऑस्ट्रेलिया में पाया जाता है सबसे जहरीला सांप

**लंदन।** सांप एक ऐसा खतरनाक जहरीला जीव है, जिसे देखने के बाद लोगों की हालत खराब हो जाती है। दुनिया में सांप की तीन हजार से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। भारत में सांपों की 69 ऐसी प्रजातियां पाई जाती हैं, जो बेहद खतरनाक होती हैं। इनमें 40 जमीन पर रहने वाले सांप हैं, तो वहीं 29 समुद्री सांप हैं। भारत में कोबरा और करैत को बेहद जहरीला माना जाता है। कई लोगों का मानना है कि किंग कोबरा दुनिया का सबसे खतरनाक सांप है, लेकिन ऐसा नहीं है। दुनिया के सबसे खतरनाक सांप का नाम इनलैंड ताइपन है। माना जाता है कि यह सांप दुनिया का सबसे जहरीला है। इनलैंड ताइपन सांप को बेहद शक्तिशाली जहर के लिए जाना जाता है, तो वहीं भारत में रसेल वाइपर, कॉमन करैत और स्पेक्टेकल्ड कोबरा सबसे जहरीले सांप हैं। दुनिया का सबसे जहरीला सांप इनलैंड ताइपन ऑस्ट्रेलिया में पाया जाता है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids सुनाई मशीन • Dental/ दंत रोग • मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

सभी प्रकार की एलर्जी डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स
Lab Care DIAGNOSTICS COMPLETE PATHOLOGY SOLUTION
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवायें उपलब्ध है।
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच*
पता: सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दास स्वीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य हेतु हेल्पर, मीठाई एवं खाना मिस्त्री, वेटर (लड़के, लड़की) सफाईकर्मी चाहिए वेतन योग्यता अनुसार, रहने, खाने की सुविधा पता- पाण्डेय स्वीट्स एंड नमकीन अशोक नगर बिलासपुर 99077 48408 **(38792)**

**आवश्यकता है-**रेस्टोरेन्ट हेतु मैनेजर (कम्प्यूटर, स्टोर, मार्केटिंग जानकार, स्वयं की बाइक हो) असिस्टेन्ट कुक, किचन हेल्पर, सर्विस हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- रेस्टोरेन्ट मुर्ग मसल्लम जरहाभाटा बिलासपुर 78791 2199 **(1477)**

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक घरेलू गाड़ी चलाने के लिए बिलासपुर निवासी अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- श्याम जाजोदिया, साई होम्स कॉलोनी विद्या नगर बिलासपुर 9300631699, 9009658881 **(1048)**

**आवश्यकता है-** सीनियर सिटीजन की देखभाल करने हेतु 25 से 30वर्ष का लड़का चाहिए कार्य समय सुबह 10 से शाम 7बजे तक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- पंजाबी कालोनी दयालबंद बिलासपुर 9893428788 **(38790)**

**आवश्यकता है-** होटल में काम करने हेतु रिसेप्शनिस्ट (महिला/ पुरुष), हाउस कीपिंग स्टाफ (महिला/ पुरुष) की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल विस्तारा काली मन्दिर के पास तिफरा बिलासपुर 93015 77078 **(38789)**

**आवश्यकता है-** लड़कों की आवश्यकता है सेल्समैन, सहायक सेल्समैन, बिलिंग, पैकिंग, ड्राइवर, मार्केटिंग स्टाफ, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर। वेतनमान 8000/- से 20000/- तक योग्यता अनुसार। मिलने का समय सुबह 11:30 से 3:30 बजे तक स्थान- आर.आर. कलेक्शन, सूर्या गारमेंट्स के सामने, कश्यप कॉलोनी पुराना बस स्टैण्ड , बिलासपुर नोट- (1) अनुभवी को प्राथमिकता। फ्रेशर्स भी सम्पर्क करें (2) Resume के साथ सम्पर्क करें। **(1049)**

**आवश्यकता है-** स्टूडेंट्स कैंटीन में काम करने हेतु एक कुक एवं एक हेल्पर की आवश्यकता है (घर जैसा खाना बनाना है) सम्पर्क करें- दिल्ली आईएएस अकादमी के पास मंगला बिलासपुर 97556 55055 **(38786)**

**आवश्यकता है-** (Boys) ग्राफिक डिजाइनर, वीडियो एडिटर, सेल्स मैनेजर, सेल्समैन, हेल्पर (समय 10-8) सैलरी 8000 से 15000 सम्पर्क करें- Farmers Pride नेचर सिटी गेट से 200 मीटर सकरी रोड उसलापुर 91792 94949, 7225849081 **(38787)**

**आवश्यकता है-**ऑफिस, साइड वर्क, रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण, निगम संबंधी कार्य हेतु अनुभवी मैनेजर एवं सिविल साइट सुपरवाइजर, इंजीनियर (autocad and structural knowledge) अनुभवी साइट चलाने योग्य। सम्पर्क- 9770770000, 9827072000 **(38746)**

**आवश्यकता है-** पेन्ट दुकान में कार्य करने हेतु लड़के की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता फ्रैशर की भी आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार ड्राईवर की भी आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9827411940 **(38788)**

**आवश्यकता है-** पेन्ट दुकान में कार्य हेतु नए एवं एक्सपीरियंस लड़कों की आवश्यकता है कॉल करने का समय सुबह 10 से रात 8 तक पता- शुभ्रा सेल्स सीपत चौक सरकंडा बिलासपुर 88392 70894 **(38783)**

**आवश्यकता है-** कपड़े शोरूम में सेल्समैन (वेतन 11000 से 13000), हेल्पर लड़के, लड़कियां चाहिये (वेतन 7000 से 10000) सम्पर्क करें- दोपहर 2-5, न्यूलुक कलेक्शन बृहस्पति बाजार चौक राजेन्द्र नगर रोड बिलासपुर 9238247005 **(38682)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर, मंगला, मोपका, तेलीपारा, पुराना बस स्टैण्ड, सरकंडा, कोनी, सिरगिट्टी, परसदा, तिफरा हेतु सुरक्षा गार्ड चाहिए वेतन 9000 से 10000 आवास मुफ्त सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- 9993336942, 9589316942 **(38779)**

**आवश्यकता है-** ऑटोमोटिव बैटरी व टायर सेल्स हेतु मार्केटिंग /सेल्समेन एवं ड्राइवर की, वेतन योग्यतानुसार (12000 - 20000) +इनसेंटिव +बोनस, संपर्क करें- सिंघानिया इंटरप्राइजेस श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7049016518, 79748 11410 **(295)**

**आवश्यकता है-**रियल स्टेट ऑफिस में ऑफिस कार्य एवं मार्केटिंग हेतु 18 से 23वर्ष की लड़कियां चाहिए योग्यता 12वीं से ग्रेजुएट वेतन 6000 से 12000 समय सुबह 10:30 से शाम 7:30 (lunch included) सम्पर्क करें- स्वप्निल बिल्ड रियल स्टेट 9302822476 **(38768)**

**आवश्यकता है-** हॉस्टल कार्य हेतु महिलाओं/ पुरूष कर्मचारी की आवश्यकता है कॉल करने समय 11से 5बजे या वॉट्सअप कर सकते है सम्पर्क करें- श्रीगायत्री गर्ल्स हॉस्टल पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9302312528, 9302312463 **(38784)**

**आवश्यकता है-** सोलर प्रोडक्ट की मार्केटिंग हेतु शिक्षित बेरोजगार युवा महिला/ पुरुष की अतिशीघ्र आवश्यकता है निःशुल्क मार्केटिंग प्रशिक्षण सम्पर्क करें- JK Group वासुदेव काम्प्लेक्स सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर 6232426838 **(38774)**

**आवश्यकता है-** फोटोग्राफी स्टूडियो हेतु अनुभवी क्रिएटिव फोटोग्राफर फोटो एडिटर की आवश्यकता है जिन्हे स्टूडियो फोटोग्राफी, फोटो एडिटिंग सॉफ्टवेयर, फोटोशॉप, लाइट रूम का अनुभव हो फुल टाइम को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9685223336 **(38778)**

**आवश्यकता है-** बैग सिलाई, कटिंग, स्क्रीन प्रिंट करने व ऑफिस के लिए स्टाफ की आवश्यकता है, महिलायें, लड़कियां व लड़के सम्पर्क करें- क्रिएटिव बैग, कुम्हारपारा रोड, बिलासपुर 9098973726 **(296)**

**आवश्यकता है-** सिक्योरिटी एजेंसी में काम करने हेतु इच्छुक व्यक्ति व स्टूडेंट(लड़के) मिनिमम दसवीं पास, अनुभवी आदमी को वरीयता दी जाएगी जो लिखा पढ़ी का काम कर सके आकर्षक वेतन तुरन्त सम्पर्क करें- 9981630084, 94255 34940 **(290)**

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है! अगर आपको नौकरी की जरूरत है! तो संपर्क करें:-8335914373 **(1173)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य के लिए 18 से 30 वर्ष की युवतियों, महिलाओं की सैलरी- 5000 से 20000 कमाने का अवसर, संपर्क करें- तिरंगा चौक साईं मंदिर के पास बिलासपुर 7724048046, 9691610438 **(293)**

**आवश्यकता है-** सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु टैली प्राइम डेटा एंट्री एकाउंटेंट एवं हाउस्कीपिंग लड़की/लड़का की Time- 10.30Am- 8.30pm, Minimum 1-year experience required in tall prime- श्री विनायक सेल्स ए/158, अज्ञेय नगर 98933 67787 **(294)**

**आवश्यकता है-** अम्माजी ट्रेडर्स में फील्ड कार्य हेतु सेल्स एवं कलेक्शन (रिकवरी) कार्य हेतु युवक की आवश्यकता है संपर्कः- 9685138652, 9098185147. भगत सिंह कॉम्प्लेक्स के पीछे, दीनदयाल गार्डन के पास, व्यापार विहार बिलासपुर **(297)**

**आवश्यकता है-**अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के लड़कियों की पद संख्या 790 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी 27500+ 56500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे- सचिन शर्मा 7054311719 **(1169)**

**आवश्यकता है-** रायपुर आरंग के पास लिंगाड़ीह में पोल्ट्री फार्म में रहकर काम करने वाले मजदूर परिवार की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता,आकर्षक वेतन इच्छुक मजदूर परिवार संपर्क करें 9340529604, 62636 44407 **(7233)**

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग हेतु युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है, योग्यता 8वीं, 10वीं से ग्रेजुएशन, वेतन 4000 से 5000+ कमीशन अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- गुरुनानक चौंक तोरवा बिलासपुर 88717 98973, 7389532708 **(298)**

## शैक्षणिक

**शैक्षणिक-**मैट्स विश्व विद्यालय मुक्त दूरवर्ती ऑन लाइन एजुकेशन शासकीय सेवा में मान्य, डीसीए, पीजीडीसीए, बीसीए, एमसीए, बीए, एमए, बीकॉम, एमकॉम, बीबीए, एमबीए, बीलिब, इनफॉर्मेशन सेन्टर- राजेन्द्र नगर चौक, बिलासपुर 95160 36581, 8959264581 **(38718)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## बेचना

**बेचना है**

बिलासपुर में मोपका चिल्हाटी मेन रोड पर 1587 वर्गफुट जमीन पर नीचे हॉल, दो टायलेट एवं ऊपर हॉल, एक टायलेट बना मकान बेचना है।

सम्पर्क करें- लक्ष्मी नारायण गुप्ता 9827404638 9039104638

**बेचना है-**पूर्ण विकसित T&C एवं 80 परिवारों वाली कालोनी आर.के. रेसीडेन्सी तिफरा में दो मकान बेचने हैं। 2BHK 45 लाख एवं 3BHK 80लाख में। सम्पर्क करें- 9300989627 **(38693)**

**बेचना है-**महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22x45 ईस्ट फेसिंग 55 लाख में बेचना है लोन सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें-6265041277, 93299 40681 **(270)**

## किराया

**किराया** -सकरी मेन रोड बच्चनबाई स्कूल के सामने प्रथम तल पर 600 वर्गफीट दुकान एवं 2500 वर्गफीट मैदान किराया से देना है कोचिंग क्लीनिक ऑफिस इत्यादि पार्किंग, बाउंड्री वॉल सम्पर्क- 9713666001 **(38785)**

**किराया** - 630 फीट कॉमर्शियल हॉल, व्यावसायिक परिसर में, चकरभाटा मार्केट से लगा, हाईकोर्ट से वाकिंग डिस्टेंस, बिलासपुर हवाईअड्डा से नजदीक, किराए से देना/ वाजिब कीमत में बेचना है सम्पर्क करें- 9826130163, 8770523386 **(38791)**

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# रोमांचक सुपर 4 मुकाबले में भारत ने मारी बाजी, श्रीलंका को चटाई धूल, निसंका ने लगाया शतक, अभिषेक ने फिर खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| दुबई।

एशिया कप के सुपर चार में भारत और श्रीलंका के बीच हाई वोल्टेज मैच देखने को मिला। मैच इतना ज्यादा रोमांचक था कि इसका फैसला सुपर ओवर के जरिए हुआ। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका के सामने 203 रनों का टारगेट रखा था। श्रीलंका ने इस टारगेट को हासिल करने की पूरी कोशिश की लेकिन अंत में वह भी 202 रन ही बना पाए। भारतीय टीम की तरफ से अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। वहीं श्रीलंका की तरफ से पथुम निसंका सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 107 रन बनाए।

### टी20 एशिया कप के एक एडिशन में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज

- 309 - अभिषेक शर्मा, 2025 (6 पारी)
- 281 - मोहम्मद रिज़वान, 2022 (6 पारी)
- 276 - विराट कोहली, 2022 (6 पारी)
- 196 - इब्राहिम ज़दरान, 2022 (5 पारी)



**अभिषेक की लगातार तीसरी फिफ्टी:** अभिषेक शर्मा की मौजूदा टूर्नामेंट में लगातार तीसरी फिफ्टी है और वह 6 मैचों में अभी तक 309 रन बना चुके हैं। अभिषेक पहले ऐसे बल्लेबाज बने हैं, जिन्होंने टी20 एशिया कप के एक एडिशन में 300+ रन बनाए है। उनसे पहले ऐसा कोई भी नहीं कर पाया था।

### निसंका ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड

पथुम निसंका टी20 एशिया कप के इतिहास में सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वह टी20 एशिया कप में अभी तक 5 बार फिफ्टी स्कोर बना चुके हैं। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। कोहली ने टी20 एशिया कप में कुल चार फिफ्टी प्लस स्कोर बनाए थे।

### सैमसन ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कमाल कर दिया। दरअसल, नंबर 5 पर बल्लेबाजी करने आए संजू ने तीन छक्के जड़कर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वे टी20 एशिया कप में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड एमएस धोनी के नाम दर्ज था। धोनी ने टी20 एशिया कप 2016 में कुल 4 छक्के जड़े थे।

### सूर्यकुमार पर जुर्माना, भारत ने की फैसले के खिलाफ अपील

एशिया कप आयोजकों ने बताया कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पर टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच के बाद की गई टिप्पणियों के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। भारतीय कप्तान ने इस मुकाबले के बाद दोनों देशों के बीच मई में हुए सैन्य संघर्ष का जिक्र किया था। पता चला है कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के इस फैसले के खिलाफ अपील की है। एक सूत्र ने बताया, 'आईसीसी टूर्नामेंट के समाप्त होने तक प्रतिबंधों पर कोई आधिकारिक विज्ञप्ति जारी नहीं करेगा।' यह विज्ञप्ति सोमवार को जारी हो सकती है, जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को खेला जाना है। पाकिस्तान ने आईसीसी में सूर्यकुमार के खिलाफ राजनीतिक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी।

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक एशिया पैसिफिक में भारत ने जीते चार पदक

**नई दिल्ली।** भारत ने कुआलालंपुर में विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न स्पर्धाओं में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। चनवी शर्मा ने 16 से 20 सितंबर तक आयोजित की गई चैंपियनशिप में महिला एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और अपनी जोड़ीदार सुजीता सुकुमारन के साथ मिलकर महिला युगल में रजत पदक हासिल किया। अंकित दलाल ने पुरुष एकल में रजत पदक और अमल बिजू के साथ मिलकर पुरुष युगल में एक और रजत पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या दोगुनी कर दी। मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त बीएन रेड्डी ने भी समापन समारोह में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस प्रतियोगिता में 10 देशों के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### भारत के खिलाफ शामार की जगह लेन खेलेंगे टेस्ट सीरीज

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के स्टार तेज गेंदबाज शामार जोसेफ अज्ञात चोट के कारण भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला नहीं खेलेंगे, जिनकी जगह नए हरफनमौला जोहान लेन को टीम में जगह मिली है। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी।



वेस्टइंडीज क्रिकेट ने लिखा,' जोहान लेन ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में शामार जोसेफ की जगह ली है।' बोर्ड ने चोट के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी है कहा गया है कि बांग्लादेश के खिलाफ 18 अक्टूबर से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले उनकी फिटनेस की समीक्षा की जाएगी। पिछले साल वेस्टइंडीज के लिये टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जोसेफ ने 11 टेस्ट में तीन से ऊपर की इकॉनॉमी दर से 51 विकेट लिए हैं। बाईस वर्ष के लेन 19 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 495 रन बनाने के अलावा 66 विकेट ले चुके हैं।

### न्यूजीलैंड क्रिकेट के हाई परफार्मेंस निदेशक बने स्टीड

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व मुख्य कोच गैरी स्टीड फिर जुड़ गए हैं और अब वह हाई परफार्मेंस निदेशक होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि स्टीड खिलाड़ियों और कोचों के विकास के साथ हाई परफार्मेंस कार्यक्रमों के प्रभारी होंगे। इससे पहले जून में उन्होंने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था।



वह 2018 से 2025 तक टीम के कोच थे। इस दौरान न्यूजीलैंड टीम 2019 वनडे विश्व कप, 2021 टी20 विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल तक पहुंची। न्यूजीलैंड ने 2019-21 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत को हराया। स्टीड ने कहा,' न्यूजीलैंड क्रिकेट पिछले तीस साल से मेरे दिल के काफी करीब है और खेल से जुड़े रहकर बहुत अच्छा लग रहा है।'

## भारत ने 9 विकेट पर 280 रनों का बड़ा स्कोर किया खड़ा

# अंडर-19: भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 167 रनों से हराया, वनडे सीरीज में किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

मध्यक्रम के बल्लेबाज वेदांत त्रिवेदी और राहुल कुमार के अर्धशतकों और वामहस्त स्पिनर खिलान पटेल के चार विकेट की बदौलत भारत अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को 167 रनों के बड़े अंतर से हराकर तीन मैचों की युवा एकदिवसीय श्रृंखला में क्लीन स्वीप कर लिया। वेदांत (92 गेंदों पर 86 रन) और राहुल (84 गेंदों पर 62 रन) की चौथे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी से भारत ने नौ विकेट पर 280 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

ऑस्ट्रेलिया ए को अच्छी शुरुआत नहीं मिली और टीम ने 39 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उद्धव मोहन (26 रन पर तीन विकेट) और स्पिनर खिलान पटेल (26 रन पर चार विकेट) के लगातार दबाव के कारण घरेलू टीम 28.3 ओवर में सिर्फ 113 रनों पर ढेर हो गई। भारत ने पिछले दो मैचों में मेजबान टीम को सात विकेट और 51 रनों से हराया था।

### वेदांत और राहुल ने की चौथे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी



### म्हात्रे और वैभव का नहीं चला बल्ला

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान आयुष म्हात्रे (चार) और आक्रामक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (16) के विकेट जल्दी गिरने से झटका लगा। म्हात्रे लगातार तीसरी बार दहाई के आंकड़े पर पहुंचने में नाकाम रहे। सातवें ओवर में 36 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद वेदांत ने विहान मल्होत्रा (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी कर भारतीय पारी को पटरी पर लाना शुरू किया। वेदांत ने इस दौरे का दूसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 92 गेंद की पारी में आठ चौके लगाए। विकेटकीपर बल्लेबाज हरवंश पंगलिया (23) और पुछल्ले बल्लेबाज खिलान पटेल के नाबाद 19 रनों ने भारत अंडर-19 को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए घरेलू टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही और सिर्फ़ तीन बल्लेबाज़ ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम 113 रन पर आउट

इसके जवाब में उतरी ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 युवा टीम 28.3 ओवर ही बल्लेबाजी कर पाई और 113 रन पर आउट हो गई। टीम का कोई भी बल्लेबाज 50 का आंकड़ भी नहीं छू पाया। भारत ने बड़ी आसानी से 167 रन से इस मैच को जीत लिया। भारत के लिए खिलान पटेल ने 7.3 ओवर में केवल 26 रन देकर चार विकेट लिए। उद्धव मोहन ने 5 ओवर में 26 रन खर्च कर तीन विकेट अपने नाम किए। कनिष्क चौहान ने छह ओवर में 18 रन देकर दो खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा। सीरीज के सभी तीन मैच भारत ने अपने नाम कर लिए हैं। इसके बाद दूसरा मुकाबला भारत ने 51 रन से जीता और आखिरी मैच अब 167 रन से जीत लिया। अब टेस्ट के दो और मैच बाकी हैं, जो 30 सितंबर और सात अक्टूबर से खेले जाएंगे। इसमें भी भारत के युवा प्लेयर्स पर नजर रहने वाली है।

## क्रिकेट

# राहुल और सुदर्शन का शतक भारत-ए ने जीती टेस्ट सीरीज



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लोकेश राहुल और बी. साई सुदर्शन की शतकीय पारियों से भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के चौथे और आखिरी दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीत ली। भारत ए ने जीत के लिए मिले 413 रन के लक्ष्य को अपनी दूसरी पारी में आसानी से हासिल कर लिया।

यह देश के प्रथम श्रेणी इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते छठी सबसे बड़ी जीत है। भारतीय टीम को अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलनी है और राहुल की लय टीम के लिए शुभ संकेत है। दाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने 210 गेंद की पारी में 16 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 176 रन बनाए। भारत ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 169 रन से आगे से की। टीम ने 189 रन पर पहुंचने के बाद मानव सुथार (पांच) का विकेट गंवा दिया। सुदर्शन हालांकि एक छोर पर डटे रहे और 172 गेंद में 100 रन की पारी के दौरान उन्होंने कप्तान ध्रुव जुरेल (56) के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के करीब ले जाने की कोशिश की। सुदर्शन ने 170 गेंदों में प्रथम श्रेणी करियर का आठवां शतक जड़कर वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट मैचों के लिए अपने चयन को सही साबित किया। तेईस साल का यह बल्लेबाज शतक पूरा करने के दो गेंद बाद ही ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर कोरी रोचिचियोली की गेंद आउट हो गया।

## गोल्फ

# जमाल ने जीता तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स खिताब

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

बांग्लादेश के जमाल हुसैन को भारी बारिश के कारण अंतिम दौर रद्द किए जाने के बाद एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि वाले तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स का विजेता घोषित किया गया। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा उपविजेता रहे।

टूर्नामेंट का नतीजा 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया। हुसैन (61-62-64) तीसरे दौर के बाद 54 होल में 23 अंडर 187 के स्कोर की बदौलत चार शॉट से आगे चल रहे थे। इस तरह उन्होंने अपना छठा और पिछले



साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता। ढाका के 40 वर्षीय हुसैन ने 15 लाख रुपए की राशि प्राप्त की, जिससे वह 2025 'पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में 14वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंच गए।

### लेडीज ओपन डि फ्रांस : 23वें स्थान पर प्रणवी



**ड्यूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने लैकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस के पहले दौर में एक अंडर 70 के कार्ड से शुरुआत की, जिससे वह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 23वें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीयों के लिए दिन सामान्य रहा, जिसमें दीक्षा डागर ने एक ओवर 72 का कार्ड बनाया, जिससे वह संयुक्त 54वें स्थान पर हैं। वहीं अवनि प्रशांत (73) संयुक्त 70वें और त्वेसा मलिक (74) संयुक्त 82वें स्थान पर बनी हुई हैं। प्रणवी ने फ्रंट नाइन पर शुरुआत की जो इतना अच्छा नहीं रहा। दिन की उनकी पहली बर्डी 10वें होल पर लगी लेकिन 11वें होल पर वह एक शॉट ड्रॉप कर बैठीं। उन्होंने फिर 12वें होल पर बर्डी लगाई जबकि बाकी होल पार रहे।

### ताइवान मास्टर्स गोल्फ : संयुक्त 31वें स्थान पर संधू



**न्यू ताइपे सिटी।** गोल्फर युवराज संधू मर्क्यूरीज ताइवान मास्टर्स गोल्फ में पहले दौर में दो ओवर 74 के कार्ड के साथ भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। संधू अमेरिकी मूल के भारतीय खिलाड़ी मानव शाह के साथ संयुक्त-31वें स्थान पर है। अन्य भारतीय शिव कपूर (76) संयुक्त 66वें, राशिद खान (77) संयुक्त 77वें , एसएसपी चौरसिया (79) संयुक्त 100वें , अजितेश संधू (79) संयुक्त100वें , राहिल गंगजी (80) संयुक्त 108वें और विराज मदप्पा (82) संयुक्त 117वें स्थान पर है।

### 1 अक्टूबर से चेन्नई में पहला बीएफआई कप

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) उभरते मुक्केबाजों को राष्ट्रीय शिविर में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से 1 से 7 अक्टूबर तक चेन्नई में पहला बीएफआई कप आयोजित करेगा। यह प्रतियोगिता पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 10 वर्गों में आयोजित की जाएगी, जिसके स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को एलीट राष्ट्रीय शिविर में प्रवेश मिलेगा। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय मुक्केबाजी आगे बढ़ रही है और बीएफआई एथलीट केंद्रित दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके अच्छे परिणाम पहले से ही दिख रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'बीएफआई कप इसी दिशा में एक और कदम है क्योंकि यह कई युवा मुक्केबाजों को अपनी पहचान बनाने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका देगा।' आठवीं एलीट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शीर्ष आठ में जगह बनाने वाली राज्य इकाइयां या बोर्ड, रोहतक स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) का राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) और मेजबान तमिलनाडु प्रत्येक वर्ग में एक मुक्केबाज को बीएफआई कप में भेज सकते हैं।



# पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर आईसीसी का एक्शन, एक को सजा, दूसरे को चेतावनी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान असभ्य और आक्रामक भाव भंगिमा के लिए पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया जबकि उनके साथी साहिबजादा फरहान को गोली चलाने का इशारा करके जश्न मनाने के लिए सिर्फ चेतावनी दी गई।

टूर्नामेंट के सूत्र ने कहा, 'मैच रैफरी रिची रिचर्डसन ने शुक्रवार को अपनी सुनवाई पूरी की। हारिस रऊफ पर आक्रामक व्यवहार के लिए उनकी मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और फरहान को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।' टूर्नामेंट के सूत्रों के अनुसार रऊफ

### रऊफ पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना



और फरहान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सुनवाई में भारत के खिलाफ मैच के दौरान भड़काऊ भाव भंगिमा के लिए खुद को निर्दोष बताया। यह सुनवाई मैच रैफरी रिची रिचर्डसन के यहां पाकिस्तान टीम के होटल में की गई। दोनों खिलाड़ी लिखित में दिए गए जवाबों के बावजूद व्यक्तिगत रूप से उनके सामने पेश हुए। उनके साथ टीम मैनेजर नवीद अकरम चीमा भी थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को एक आधिकारिक शिकायत में दोनों खिलाड़ियों पर भड़काऊ इशारे करने का आरोप लगाया है। दोनों टीमें रविवार को एशिया कप फाइनल में आमने सामने होंगी। रऊफ ने गिरते हुए विमानों का इशारा करके स्टैंड में बैठे भारतीय प्रशंसकों का मजाक उड़ाया था, वहीं फरहान के मैच में अर्धशतक लगाने के बाद मनाए गए जश्न को भी भारतीय टीम ने आपत्तिजनक माना था।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला चौथा देश बना भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्लेड रनर, कृत्रिम अंगों और व्हीलचेयर की मदद से प्रतिस्पर्धा करने वाले दुनिया के कुछ बेहतरीन पैरा खिलाड़ी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद शनिवार से शुरू हो रही अब तक की सबसे बड़ी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने अद्भुत साहस, संकल्प और संघर्ष क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। भारत विश्व पैरा खेलों का उभरती हुई ताकत बन चुका है और पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है। 5 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता के 12वें सत्र का उद्घाटन गुरुवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हुआ। यह अब तक की सबसे बड़ी पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जिसमें 104 देशों के लगभग 2200 खिलाड़ी और अधिकारी मौजूद है। भारत, कतर (2015), यूएई (2019) और जापान (2024) के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला चौथा देश बना है। इस दौरान 1500 से अधिक पैरा एथलीट 186 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे, जो 2024 के जापान (कोबे) सत्र से 15 अधिक हैं।



### 100 से अधिक पदक विजेता करेंगे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

पेरिस पैरालंपिक में 308 (112 स्वर्ण, 96 रजत और 100 कांस्य) पदक जीतने वाले से 100 से अधिक पदक विजेता यहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस बार कुल 101 पुरुष, 84 महिला और मिश्रित स्पर्धा होंगी। यह पहली बार है जब भारत इस चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। विश्व पैरा एथलेटिक्स के अध्यक्ष पॉल फिट्जगेराल्ड ने कहा कि इसमें कई विश्व रिकॉर्ड बनेंगे और नए चैंपियन सामने आएंगे। उन्होंने विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत की सराहना की। उन्होंने कहा, ' अब तक की सबसे बड़ी पैरा विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी का श्रेय भारत को जाता है।'

### टूर्नामेंट में शामिल हो रहे दुनिया के श्रेष्ठ खिलाड़ी

इसमें जर्मनी के 'ब्लेड जम्पर' मार्कस रेहम, स्विट्जरलैंड की व्हीलचेयर रेसर कैथरीन डेबुन्नर और ब्राजील के सबसे तेज पैरा स्प्रिंटर पेट्रुसियो फरेरा शामिल होंगे। भारतीय चुनौती की अगुवाई सुमित अंतिल करेंगें। पुरुषों की भाला फेंक एफ64 में दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता और गत चैंपियन अंतिल एक बार फिर घरेलू दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार हैं। पुरुषों की टी64 ऊंची कूद के पेरिस पैरालंपिक चैंपियन प्रवीण कुमार घरेलू धरती पर विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीतकर अपने पदक संग्रह को पूरा करने के लिए उत्सुक हैं। भारत अपने अब तक के सबसे बड़े 74 एथलीटों के दल को मैदान में उतारते हुए पदक तालिका में शीर्ष पांच में जगह बनाने का लक्ष्य बना रहा है।

### आज होगी ये स्पर्धाएं

शनिवार 27 सितंबर को पुरुषों की 5000 मीटर टी11, पुरुषों की 100 मीटर टी71, महिलाओं की 100 मीटर टी71, पुरुषों की 100 मीटर टी47, महिलाओं की 400 मीटर टी20, महिलाओं की लंबी कूद टी37, पुरुषों की लंबी कूद टी11, महिलाओं की गोला फेंक एफ41, महिलाओं की गोला फेंक एफ36, पुरुषों की गोला फेंक एफ37, महिलाओं की चक्का फेंक एफ53, पुरुषों की ऊंची कूद टी63, महिलाओं की भाला फेंक एफ46 में पदक स्पर्धाएं होंगी।




अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुर : पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौली : इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमीः बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुरः खुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांवः ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगर : जयसवाल ऑटो , 9926015773, बलंगीः नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथानः आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगरः मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमीः महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़ः पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरीः अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com